डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.adhuniksamachar.com

सुबह 5:10 बजे
शाम 6:55 बजे

अधिकतम 43 से 46 डिग्री
न्यूनतम 39 से 40 डिग्री

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



खेलः टियाफो, मुसेटी ने स्टगार्ट ओपन के क्वार्टरफाइनल...



सिनेमाःकैटरीना कैफ ने किया अपने....

वर्ष -09 अंक -93 | प्रयागराज, शुक्रवार 16 जून,2023 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## गलवान झड़प के 3 सालः कर्नल को हाथ लगाया तो चीन के सैनिकों की तोड़ दी गई हड्डिया

### गलवान में भारतीय सेना के प्रतिशोध की वीर रस से भरी कहानी

नई दिल्ली। गलवान संघर्ष की तीसरी वर्षगांठ पर चीन से सटे क्षेत्र में रणनीतियों और तत्परता के बारे में चर्चा करने के लिए कई हाई रैंकिंग मिलिट्री अफसर लेह में एकट्ठा होने वाले हैं। ठीक तीन बरस पहले आज ही के दिन यानी 15 जून की रात भारत के बहादुर जवानों ने न सिर्फ पूरी ताकत के साथ प्रतिशोध लिया था। बल्कि चीन के 40 50 जवानों को मारकर और चीन की सेना के कर्नल को अपने कब्जे में लेकर चीन के घमंड को चूर चूर कर दिया था हमारे देश में बहुत सारे लोगों के कान यह सुनने के लिए तरस रहे हैं कि चीन के सैनिक हमारी सीमाओं में घुस आए हैं। उनके काम यह सुनने के लिए तरस रहे हैं कि हम यह मान ले कि भारतीय सीमा में घुसपैठ हो चुकी है और हम चीन के सैनिकों को बाहर खदेड़ने में नाकामयाब हैं।



15 जून की रात जब पूरा देश और आप सब गहरी नींद में सो रहे थे तो भारतीय सेना की 16 बिहार रेजिमेंट के जवान बलवान घाटी में चीन को आधुनिक युद्ध इतिहास का सबसे कड़ा सबक सिखा रहे थे। यह युद्ध तीन हिस्सों में लड़ा गया था, जिसमें भारत के सैनिकों का सामना चीन के नए सैनिकों से हुआ। जिन्हें इससे पहले इस इलाके में कभी नहीं देखा गया था। चीन को सबक सिखाने वाले जवानों में 3 मीडियम रेजीमेंट और तीन पंजाब रेजीमेंट के जवान भी शामिल थे। भारत के सैनिकों ने चीन के सैनिकों के गर्दन और उनकी रीढ़ की हड्डियां तोड़ दी थी। यह जवान अपने कमांडिंग ऑफिसर करनल संतोष बाबू की शहादत का बदला ले रहे थे और भारत के सैनिकों का रौद्र रूप देखकर चीन की सेना बुरी तरह घबरा गई थी।

कर्नल संतोष बाबू ने जब चीन के सैनिकों से पूछा कि जब पोस्ट को हटाने की बातचीत हो गई थी तो चीन के सैनिकों ने फिर से ये पोस्ट क्यों बना दिया। इसी पर चीन के नए सैनिक उग्र हो गए। उनमें से एक चीन के सैनिक ने आगे आकर कर्नल संतोष बाबू को धक्का दे दिया। अपने कमांडिंग ऑफिसर के साथ धक्का-मुक्की भारतीय जवानों के लिए बर्दाश्त से बाहर थी। जिसके बाद भारतीय सैनिकों ने अपने ऑफिसर के अपमान का बदला लिया। सीओ के साथ बदतमीजी पर उन्होंने वहीं पर चीन के सैनिकों की पिटाई कर दी। चीन के सैनिकों को अंदाजा भी नहीं था कि भारतीय जवानों के मजबूत हाथ जब उन पर पड़ेंगे तो उनका क्या हश्र होगा। कमांडिंग ऑफिसर के साथ हुई बदतमीजी पर जवानों का खून खौल गया।

भारत के सैनिकों ने वहां पर मौजूद चीन की पोस्ट को नष्ट कर दिया। इस लड़ाई में भारत और चीन दोनों के कुछ सैनिक घायल हुए। चीन के कई सैनिक वहां से भाग खड़े हुए। इसके बाद चीन के सैनिक घात लगाकर ज्यादा संख्या में आते हैं। 15 जून की रात करीब 9 बजे तक चली लड़ाई में कर्नल संतोष बाबू शहीद हो गए। जब ये खबर भारतीय सैनिकों को मिली तो उनके गुस्से की कोई सीमा नही थी। कर्नल संतोष बाबू की शहादत की खबर के बाद न सिर्फ 16 बिहार रेजीमेंट बल्कि आसपास के इलाके में तैनात दूसरी टुकड़ियां भी टकराव की जगह पर पहुंच गई। बहुत ही जल्द वहां पर 400-500 सैनिक एकट्ठा हो गए और फिर चीन के सैनिकों के साथ वो हिंसक टकराव हुआ जिसमें हमारे 20 सैनिक शहीद हुए और चीन के 40-50 सैनिक मारे गए। इसी लड़ाई में दोनों देशों के कई सैनिक लड़ते लड़ते गलवान नदी में जा गिरे।

## 'हमारी सरकार सौदे से गई', कमलनाथ बोले-इन मामलों में सीएम शिवराज को नहीं हरा सकता

भोपाल (एजेंसी)। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के नजदीक आने के साथ से ही राजनीतिक सरगर्मियां लगातार बढ़ती जा रही है। मध्य प्रदेश में मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच है। यही कारण है कि दोनों ही राजनीतिक दलों की ओर से एक दूसरे पर आरोप की बरसात की जा रही है। इन सब के बीच पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि वह मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को नाचने, गाने और झूठे वादे करने में कभी नहीं हरा सकते। उन्होंने कहा कि मुझे सच बोलने की आदत है और इसलिए मैं उन्हें नहीं हरा सकता।इसके साथ ही कमलनाथ ने साफ तौर पर कहा है कि उनकी सरकार 2020 में सौदेबाजी की वजह से चली गई। कमलनाथ ने यह भी बताया कि वह किसानों का कर्ज क्यों नहीं माफ कर पाएं। अपने बयान में कमलनाथ ने मुझे प्रशासन बदलना था। बहुत सारे अधिकारियों में चर्बी चढ़ी हुई थी। यह सिस्टम बदलना था। मैंने जब किसानों के कर्ज़ा माफ करने की बात कही तब वे (अधिकारी) तैयार नहीं थे... हमारी सरकार सौदे से गई। उस समय मैं भी मुख्यमंत्री था, मैं भी सौदा कर सकता था। लेकिन मैं मध्य प्रदेश की पहचान सौदे से नहीं बनाना चाहता था। शिवराज सिंह चौहान की सबसे बड़ी योजना लाडली बहना योजना पर भी कांग्रेस नेता ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा है कि इस योजना के तहत महिलाओं को 3000 रुपये मासिक सहायता प्रदान करने की घोषणा एक नाटकिय कृत्य है। उन्होंने कहा कि राज्य के लोग जानते हैं कि 3000 रुपये प्रतिमाह देने की घोषणा एक नाटक है। हम 1500 रुपए देने की घोषणा कर रहे हैं और वे 3000 की बात कर रहे हैं। जनता सब कुछ जानती हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हम ऐसे बात नहीं करते जिससे हम वही वादे करते हैं जो हम पूरा कर पाए।



## संक्षिप्त समाचार

### दिल्लीः मुखर्जी नगर के कोचिंग सेंटर में आग, रस्सी की मदद से नीचे उतरे छात्र मौके पर मौजूद दमकल की 11 गाड़ियां

नई दिल्ली। दिल्ली के मुखर्जी नगर इलाके में गुरुवार को एक कोचिंग सेंटर में आग लग गई। आग कोचिंग सेंटर के तीसरी मंजिल पर लगी। दमकल की 11 गाडियां मौके पर पहुंचीं, बचाव कार्य जारी है। लोगों को रस्सी के सहारे निकाला गया। जानकारी यह भी है कि इसमें चार छात्र घायल हुए हैं। सभी को बाहर निकाल लिया गया है। स्थिति फिलहाल नियंत्रण में हैं। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, आग 12.30 बजे लगी और छात्रों को बिल्डिंग की खिड़कियों से कूदकर अपनी जान बचानी पड़ी। अग्निशमन निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि बिजली के मीटर की वजह से आग लगी थी और अब उस पर काबू पा लिया गया है।

### केंद्रपाड़ा में मगरमच्छ का शिकार बना 10 साल का लड़का, क्षत विक्षत शव बरामद

केंद्रपाड़ा। ओडिशा के केंद्रपाड़ा जिले में एक मगरमच्छ ने 10 साल के एक लड़के को कथित रूप से मार डाला। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मगरमच्छ ने पांचवी कक्षा के छात्र आशुतोष आचार्य पर तब हमला किया, जब वह भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान के बाहरी इलाके में स्थित नीमापुर गांव में ब्राह्मणी नदी में नहा रहा था। पट्टामुंडई पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि एक घंटे की तलाश के बाद स्थानीय लोगों को लड़के का क्षत विक्षत शव मिला, जहां यह घटना हुई थी। राजनगर मैंग्रोव (वन्यजीव) वन प्रभाग के अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में खारे पानी के मगरमच्छ अंडे देने, उन्हें सेने के लिए अपनी मांद बना रहे हैं और अगर उन्हें अपने आवास में किसी भी तरह के हस्तक्षेप का डर होता है तो वे हिंसक हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि मृतक के परिवार को छह लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी।

### महाराष्ट्र में अगले मंत्रिमंडल विस्तार में अपनी पार्टी के लिए मंत्री पद की मांग की है : अठावले

पालघर। केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि उन्होंने महाराष्ट्र में अगले मंत्रिमंडल विस्तार में अपनी पार्टी रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया-अठावले (आरपीआई-ए) के लिए मंत्री पद की मांग की है। अठावले ने बुधवार रात मुंबई के बाहरी इलाके वसई में आरपीआई (ए) कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को संबोधित करने के दौरान यह जानकारी दी। 63 वर्षीय दलित नेता ने कहा कि उपयुक्त मंच पर वह मंत्री पद के लिए अपनी मांग पहले ही रख चुके हैं।

### सौरभ ने अधिकारी राजशेखर पर साजिश का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दी

नयी दिल्ली। दिल्ली के कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने विशेष सचिव (सतर्कता) वाई. वी. वी. जे. राजशेखर के कार्यालय से संवेदनशील फाइल और दस्तावेज हटाए जाने के दावों के पीछे साजिश का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दी।

मंत्री ने राजशेखर और मुख्य सचिव नरेश कुमार पर साजिश करने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की। भारद्वाज के आरोपों पर कुमार और राजशेखर की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है।

## रामनगरी में बोले योगी,अयोध्या का विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक

नई दिल्ली। दो दिवसीय अयोध्या दौरे पर पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राम मंदिर ट्रस्ट के संतों और अधिकारियों से मुलाकात की और इस बात पर जोर दिया कि मंदिर और शहर का विकास उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। अयोध्या में चल रही विकास परियोजनाओं की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने राम मंदिर निर्माण की प्रगति का भी जायजा लिया। वह पूजा-अर्चना करने के लिए हनुमानगढ़ी भी गए और राम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री के हवाले से कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप 'धर्मनगरी' अयोध्या का समग्र विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश और दुनिया के लोग 'दिव्य, भव्य, नव्य अयोध्या' देखने के लिए उत्सुक हैं। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि अयोध्या आने वाला हर श्रद्धालु और पर्यटक शांति, संतोष और आनंद की विशेष भावना के साथ वापस जाए।' मुख्यमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, राम मंदिर ट्रस्ट के प्रमुख महंत नृत्य गोपाल दास से भी मुलाकात की और राम मंदिर निर्माण पर चर्चा की। अयोध्या में तीन मंजिला राम मंदिर के भूतल का निर्माण इस साल अक्टूबर तक पूरा होने की राह पर है। बैठक के दौरान राज्य के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, राम जन्मभूमि ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा, विहिप के वरिष्ठ सदस्य पुरुषोत्तम नारायण सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।



### साइबर अपराध गिरोह का पर्दाफाश किया, तीन गिरफ्तार

रांची। झारखंड पुलिस ने बुधवार को एक साइबर अपराध रैकेट का पर्दाफाश करने का दावा करते हुए एक बुजुर्ग व्यक्ति को करीब सात लाख रुपये का चूना लगाने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। अपराध जांच विभाग (सीआईडी) के एक अधिकारी ने बताया कि रांची के रहने वाले रामधनी साहू (74) की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए दुमका जिले से गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि ये लोग स्वयं को बैंक का ग्राहक सेवा अधिकारी बताकर एनीडेस्क के माध्यम से लोगों के खातों से पैसे निकाल रहे थे। सीआईडी द्वारा जारी बयान के अनुसार, मौजूदा मामले में उन्होंने शिकायतकर्ता से एक ऐप डाउनलोड करने को कहा और गैर-कानूनी तरीके से उनके खाते से 6.99 लाख रुपये निकाल लिये। बयान के अनुसार, आगे की जांच की जा रही है।

## दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण सिंह के खिलाफ दायर की चार्जशीट

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को भाजपा सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ चार्जशीट दायर की। चार्जशीट दाखिल होने से पहले बृजभूषण के दिल्ली स्थित आवास के बाहर भारी सुरक्षा तैनात की गई थी। रिपोर्टों में कहा गया है कि यौन उत्पीड़न के आरोपी बृजभूषण के खिलाफ 25 लोगों ने अपने बयान दर्ज कराए, जबकि आरोपों के संबंध में 180 से अधिक लोगों से पूछताछ की गई। दिल्ली पुलिस हाल ही में एक महिला शिकायतकर्ता को भारतीय कुश्ती महासंघ के कार्यालय में जांच के उद्देश्य से ले गई। ब्रज भूषण पर यौन शोषण का आरोप लगाने वाली दो शीर्ष महिला पहलवानों को सबूत के तौर पर ऑडियो, वीडियो, फोटो उपलब्ध कराने को कहा गया। बृजभूषण के खिलाफ दिल्ली पुलिस को उत्तर प्रदेश से किसी ने गवाही नहीं दी। दिल्ली पुलिस ने दूसरे देशों के कुश्ती संघों को लिखा लेकिन उन्होंने अभी तक कोई इनपुट नहीं भेजा है। ये इनपुट मिलने पर सप्लीमेंट्री चार्जशीट फाइल की जाएगी। दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को कहा कि नाबालिग महिला पहलवान द्वारा भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृज भूषण सिंह के खिलाफ किए गए दावों में कोई 'पुष्टिकरण सबूत' नहीं मिला। पुलिस ने दिल्ली की एक अदालत के समक्ष इइप्रमुख के खिलाफ इ्ध्णएइ अधिनियम के तहत दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने की सिफारिश की। दिल्ली पुलिस के अधिकारी मामले में कैंसिलेशन रिपोर्ट दाखिल करने के लिए पटियाला हाउस कोर्ट पहुंचे। सूत्रों ने कहा कि बृजभूषण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली नाबालिग अपने बयान से पलट गई। उसने कहा कि उसने डब्ल्यूएफआई प्रमुख के खिलाफ मामला दायर किया क्योंकि वह चयनित नहीं होने से नाराज थी। नाबालिग पहलवान के मामले पर विशेष लोक अभियोजक अतुल श्रीवास्तव ने कहा कि हमने मामले में अंतिम रिपोर्ट दाखिल कर दी है। सुनवाई की अगली तारीख 4 जुलाई है।



### नाबालिग पहलवान के यौन शोषण केस में क्लीन चिट!

### 'कांग्रेस की 'रेवड़ी राजनीति' ने कर्नाटक को किया लहुलुहान'

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि कर्नाटक के वित्त विभाग ने वेतन और ईंधन पर हुए खर्च के भुगतान के लिए अतिरिक्त अनुदान प्रदान करने में असमर्थता व्यक्त की है। पार्टी ने राज्य की कांग्रेस सरकार पर यह कहते हुए तंज कसा कि क्या प्रदेश सरकार अब अपनी जेब से मुफ्त बस यात्रा का खर्च उठाएगी ? राज्य के वित्त विभाग के कथित पत्र की एक प्रति ट्विटर पर साझा करते हुए भाजपा के सूचना और प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा, "रेवड़ी राजनीति ने कर्नाटक को लहूलुहान किया। मालवीय ने सवाल किया, "क्या कांग्रेस मुफ्त बस यात्रा के वादे को पूरा करने के लिए अब अपनी जेब से भुगतान करेगी?" भाजपा के दावे पर कर्नाटक सरकार की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## सीएम नीतीश कुमार की सुरक्षा में बड़ी चूक, सुरक्षा घेरे में घुसे बाइक सवार

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया हैं। जब 15 जून को बिहार के मुख्यमंत्री अपने डेली रुटीन की मॉर्निंग बॉक करने के लिए निकले थे तब अचानक से एक बाइक उनके सुरक्षा घेरे में घुस गयी और नीतिश कुमार को भागकर फुटपाथ पर चढना पड़ा। अगर नीतिश ऐसा नहीं करते तो उन्हें गंभीर चोट लग सकती थी।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को गुरुवार को पटना के अणे मार्ग पर सुबह की सैर के दौरान फुटपाथ पर कूदने के लिए मजबूर होना पड़ा, जब बाइक सवार दो लोगों ने उनके काफिले में प्रवेश किया। इन लोगों को सीएम की सुरक्षा में सेंध लगाने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा पुरुष खतरनाक तरीके से मोटरसाइकिल चला रहे थे। सीएम को किसी तरह के नुकसान से बचने के लिए फुटपाथ पर कूदना पड़ा। बाइक सवार कुमार के सुरक्षा कवच में घुस गए थे, जब वह सर्कुलर रोड के पास सुबह की सैर कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह घटना सर्कुलर रोड के पास हुई, जहां पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी सहित कई राजनेता रहते हैं। पटना एसएसपी और कुछ आला अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। घटना के बाद 7, सर्कुलर रोड पर यातायात को एकतरफा कर दिया गया।

### फुटपाथ पर कूदकर मुख्यमंत्री ने बचाई जान

आपको बता दें कि इससे पहले नीतिश कुमार ने 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव पर एक बड़ा बयान दिया था और आशंका जताई थी कि चुवान समय से पहले हो सकते हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को कहा कि लोकसभा चुनाव समय से पहले होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। नीतीश ने मुख्यमंत्री आवास पर उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और अन्य लोगों की उपस्थिति में यह टिप्पणी की। मुख्यमंत्री ने यहीं से ग्रामीण कार्य विभाग की 6,680.67 करोड़ रुपये की 5,061 परियोजनाओं का शुभारंभ भी किया। विभाग के इंजीनियरों और विभिन्न अधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए, नीतीश ने कहा, मुझे बताया गया है कि लंबित कार्य जनवरी, 2024 तक पूरे हो जाएंगे। मैं कहूंगा, इससे पहले इन्हें पूरा करने का प्रयास करें। आप कभी नहीं जानते कि चुनावों की घोषणा कब हो सकती है।



जद (यू) के शीर्ष नेता नीतीश ने कहा, चुनाव अगले साल नहीं, पहले भी हो सकते हैं। गौरतलब है कि विपक्षी एकता के नीतीश के प्रयासों के कारण ही भाजपा विरोधी नेता एक आम रणनीति तैयार करने के लिए अगले सप्ताह पटना आने पर सहमत हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत केन्द्र सरकार पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए नीतीश ने कहा, केन्द्र ने 2015 में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना पर खर्च में अपना हिस्सा घटाकर 60 फीसदी कर दिया, जबकि 40 फीसदी राज्यों को वहन करने के लिए छोड़ दिया। उन्होंने कहा, ग्रामीण सड़क योजना अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा 2000 में शुरू की गई थी, उस वक्त केन्द्र पूरा खर्च वहन कर रहा था।''

बिहार में सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री पद पर मौजूद नीतीश अटल बिहार वाजपेयी के नेतृत्व वाली केन्द्र की तत्कालीन राजग सरकार में मंत्री थे। उन्होंने केन्द्र की मौजूदा सरकार पर अप्रत्यक्ष रूप से लक्षित एक अन्य टिप्पणी में कहा, आजकल, कोई भी वाजपेयी द्वारा किए गए अच्छे कार्यों को याद नहीं करता है।'' उन्होंने कहा, उम्मीद है कि हमारे द्वारा किए गए अच्छे काम को भुलाया नहीं जाएगा।



# प्रयागराज से दिल्ली तक चल रही अतीक के करीबियों पर ईडी की घोषणा!

**आधुनिक समाचार सेवा**

प्रयागराज।मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने माफिया अतीक अहमद के करीबी दो बिल्डर और एक अभियुक्त के घर पर आधी रात तक जांच और पूछताछ में जुटी रही। इस दौरान उनके घर से नगदी, जमीन से जुड़े अहम दस्तावेज बरामद होने की बात कही गई है।

घर पर मिलने वाले परिवार के सदस्य और परिवार के सदस्यों और कर्मचारियों से लंबी पूछताछ की गई। बिल्डर के विभिन्न प्राधिकरण, बैंक एकाउंट, संपत्ति के दस्तावेज भी खंगाले गए हैं। सभी का माफिया अटिक से कनेक्शन सामने आया है, जिसके आधार पर आंकड़े जुटाए जा रहे हैं।

ईडी ने तीन साल पहले माफिया के खिलाफ मनी लॉन्डिंग का मामलाः दर्ज किया था। इसके बाद करीब आठ करोड़ की संपत्ति बैंक खातों से जोड़ ली गई थी। 12 अप्रैल को माफिया चार्टेड एकाउंटेंट, करीबी बिल्डर संजीव अग्रवाल, पूर्व नेताओं सहित अन्य के ठिकानों पर अटैचमेंट किया गया था। तब नगदी, नोट गिनने की मशीन खोली प्राधिकरण के दस्तावेज सहित अन्य सामान बरामद किया गया था। सूत्र का कहना है जांच में कई और लोगों का नाम सामने आया, जिसके बाद बुधवार को ईडी के अलग-अलग ग्रुप ने माफिया के करीबियों के ठिकाने पर एक साथ अटैचमेंट की। शहर में रहने वाले बिल्डर के सिविल लाइन्स, लुकरगंज, झलवा स्थित आवास और कार्यालय में अटैचमेंट किया गया। इस नगदी के दौरान भूमि से जुड़े अहम दस्तावेज समेत कई तथ्य बरामद किए जाने की बात कही गई है। प्रयागराज यूनिट की टीम ने दिल्ली में भी की स्थापना करते हुए दस्तावेज बरामद किया। आज शाम तक पूरी तस्वीर साफ हो सकती है।



## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा अल जज़ीरा की डॉक्यूमेंट्री का हो सकता है दुष्परिणाम, प्रसारण पर लगी रोक

**आधुनिक समाचार सेवा**

प्रयागराज : इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अल जज़ीरा मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड को 'इंडिया ... हू लिट द फ्यूज़?' फिल्म को भारत में प्रसारण या रिलीज़ करने पर अंतरिम रूप से रोक लगा दिया है। देश में फिल्म के प्रसारण पर होने वाले संभावित दुष्परिणामों को ध्यान में रखते हुए यह आदेश दिया गया।

जस्टिस अश्विनी कुमार मिश्रा और जस्टिस आशुतोष श्रीवास्तव की पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा की जब तक सक्षम एजेंसी द्वारा फ़िल्म की जांच नही की जाती, तब तक केंद्र सरकार और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उचित उपाय करें।

बता दें की सामाजिक कार्यकर्ता सुधीर कुमार ने इस सम्बंध में जनहित याचिका (पीआईएल) दाखिल की थी। याचिका में उक्त फिल्म के प्रसारण को इस आधार पर चुनौती दी गई थी कि इसमें नागरिकों के बीच वैमनस्य पैदा करने और देश की अखंडता को खतरा पैदा करने की क्षमता है।

## यूफोरियल यूथ सोसाइटी और कोटक लाइफ इंश्योरेंस ने रक्त दान कर मनाया विश्व रक्तदाता दिवस

**आधुनिक समाचार सेवा**

प्रयागराज.यूफोरियल यूथ सोसाइटी ने एएनएचए ब्लड बैंक में विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर कोटक लाइफ इंश्योरेंस के साथ रक्तदान शिविर का आयोजन किया और थैलेसीमिया रोगियों के लिए 70इ स्वैच्छिक रक्तदान की सुविधा प्रदान की, सोसाइटी के अध्यक्ष देवेश जायसवाल ने 38वीं बार रक्तदान किया और केएलआई के डीएम प्रद्युम्न यादव और सभी स्टाफ सदस्यों ने 128 थैलेसीमिया रोगियों के जीवन को बचाने के लिए अपना रक्तदान किया.रक्त से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना, और रक्त का अभाव, और लोगों के बीच रक्त से जुड़ी अफवाहों के वजह से लोगों का ब्लड ना देना एवं कई सारी समस्याओं के विषय को अवगत कराया.कोटक लाइफ ने संकल्प लिया कि रक्त का अभाव नहीं होने देंगे. कार्यक्रम में यूफोरियल यूथ सोसाइटी के कैंप में देवेश जयसवाल,अनीश पाण्डेय,मनोज त्रिपाठी, रेश्मा गुप्ता, यादव, उमेश, शैलेश आदि लोग मौजूद रहे।



## सीडीओ ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल क्रियान्वयन हेतु नोडल अधिकारियों के साथ की बैठक

प्रतापगढ़। मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया ने नवम् अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून 2023) के सफल क्रियान्वयन हेतु नामित नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के पुलिस लाइन में आयोजन के सम्बन्ध में मंच, माइक व टेन्ट की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई मोबाइल टॉयलेट एवं पानी के टैंकर की व्यवस्था, मेडिकल व्यवस्था, टी-शर्ट, वाहन स्टैण्ड व प्रतिभागियों के बैठने की व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में समीक्षा की और नामित नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिनको जो भी कार्य सौपे गये है उसका शत् प्रतिशत निर्वहन करें और अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम को सफल बनाये, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये।

# सड़क दुर्घटना में किसान की मौत से मचा कोहराम



**आधुनिक समाचार सेवा**

फूलपुर थाना क्षेत्र के भमई हुसमगंज गांव के कमली चौराहे के पास तेज रफ्तार बाइक सवार ने एक किसान की मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दिया जिससे किसान की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई जानकारी होते ही घर में कोहराम मच गया सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। फूलपुर थाना क्षेत्र के कोड़ापुर गांव निवासी मदन लाल भारतीय 52 वर्ष पुत्र स्वर्गीय भगौती प्रसाद अत्यंत गरीब था जो खेती किसानी का काम करने के साथ ही हैंड पंप मरम्मत का काम करता था। बुधवार देर शाम लगभग साढ़े दस बजे वह अपने एक दोस्त के साथ घर पर खाना खाया उसे घर छोड़ने के लिए अलग अलग मोटर साइकिल से गए घर वापस लौटते समय भमई हूसाम गंज गांव के कमली चौराहे के पास एक तेज रफ्तार मोटर साइकिल सवार जो लापरवाही से चलाते हुए जबरन जोरदार टक्कर मार दिया जिससे घटना स्थल पर ही उक्त किसान की दर्दनाक मौत हो गई घटना से घर में कोहराम मच गया।मृतक की पत्नी शीला देवी की तहरीर पर पुलिस ने वाहन चालक के नंबर से मुकदमा दर्ज कर लिया।मृतक के तीन बेटे और एक बेटी है।

काल खींच ले गया मौत के गाल तक। फूलपुर। फूलपुर थाना क्षेत्र के कोड़ापुर गांव निवासी किसान मदन लाल भारतीय की मौत सड़क दुर्घटना में कैसे हुई इसको लेकर मृतक की पत्नी चिल्ला चिल्ला कर रोते हुए कह रही थी की घर वाले रोक रहे था किंतु उनकी मौत को उनका उसका काल जबरन खींच ले गया अन्यथा सब के रोकने के बाद अपने मनमानी वह कैसे सड़क पर जाते।फिलहाल मोटर साइकिल चालक अपनी गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया था।

काल खींच ले गया मौत के गाल में। फूलपुर। फूलपुर थाना क्षेत्र के कोड़ापुर गांव निवासी किसान मदन लाल भारतीय की सड़क दुर्घटना में हुई दर्दनाक मौत के पीछे उसका काल ही मौत के गाल में खींच ले गया यह कहना उसकी पत्नी शीला देवी सहित बच्चो का है जब सब लोग खाना खाकर सोने की तैयारी कर रहे थे सब लोग रोक भी रहे थे की रात में कही मठ जाओ लेकिन मौत उन्हे जबरन खींच ले गई वह किसी की एक नही सुने गाड़ी लेकर चल पड़े और थोड़ी ही में दुर्घटना की सूचना मिलते ही घर में हड़कंप मच गया।

## लेखपाल की मनमानी से ग्रामीणों में आक्रोश

प्रतापगढ़।कुंडा तहसील के बिहार ब्लॉक के सराय सैद खां ग्राम सभा में लेखपाल के मनमानी से ग्राम सभा में ग्रामीणों और ग्राम प्रधान में भारी आक्रोश व्याप्त।है।

ग्राम प्रधान ने आरोप लगाया है कि मनरेगा के तहत चक मार्ग और तालाबों की करानी है खुदाई नहीं हो पा रही चिन्हित जमीने और बताया कि उप जिलाधिकारी कुंडा तहसीलदार कुंडा को कर चुके हैं शिकायत नहीं हो पा रहा मामले का निस्तारण ऐसे में उठ रहा बड़ा सवाल लेखपाल के मनमानी रवैया से ग्राम सभा का कार्य हो रहा बाधित हर ग्राम सभा के लेखपालों की मनमानी रवैया से बिहार ब्लॉक की सभी ग्राम सभा में बाधित हो रहे कार्य कौन है, जिम्मेदार ऐसे लापरवाही की लचर व्यवस्था का भंडाफोड़ हो रहा उजागर वही सराय सैद खां में देखना है कि तहसील प्रशासन द्वारा लेखपाल द्वारा ग्राम सभा में पहुंचता है,की नही यही लेखपाल अपने ग्राम सभा के लोगों को लालगंज बुलाता है, ग्राम सभा मे क्यों नही आता है।

# बमबाज गुड्डु मुस्लिम पर इतनी मेहरबानी क्यों? जिस चिकन शॉप पर चलना था बुलडोजर, अब वह भी खुली

**आधुनिक समाचार सेवा**

प्रयागराज : उमेश पाल हत्याकांड मामले में आरोपी अतीक अहमद, अशरफ़ और असद के मारे जाने के बाद पुलिस की जांच की आंच भी ठंडी पड़ गयी है। नतीजन एक और मुख्य अभियुक्त पांच लाख रुपये का इनामी बमबाज गुड्डू मुस्लिम गिरफ्तार नही किया जा सका है। उलटे उसकी चिकन शॉप खुल गयी है और वहाँ धड़ल्ले से कारोबार भी हो रहा है।



गुड्डु मुस्लिम का मकान और चिकन शॉप शहर के चकिया इलाके में माफिया अतीक अहमद के दफ्तर के पास है। प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने गुड्डू मुस्लिम के घर और दुकान पर भी नोटिस चस्पा किया था। नोटिस का जवाब नहीं आने पर ध्वस्तीकरण का अल्टीमेटम देते हुए 18 अप्रैल तक घर और चिकन शाप दोनों को ही खुद ही तोड़ने का नया नोटिस चस्पा किया गया था।

लेकिन ध्वस्तीकरण तो दूर, दुकान एक बार फिर से खुल गई है। अब वहाँ चिकन बेचा भी जा रहा है। यह हुआ है दुकान पर लगी सील को तोड़ कर।

इससे पहले के सारे मामलों में पीडीए ने काफ़ी सक्रियता दिखायी थी। लेकिन गुड्डु मुस्लिम के मामले में पीडीए से लेकर प्रशासन और पुलिस-एसटीएफ़ की मेहरबानी संदेह पैदा करती है। जो युवक इन दिनों गुड्डू मुस्लिम की चिकन शाप को संचालित कर रहा है, उसका दावा है कि उसका बमबाज से कोई नाता नहीं है। पर वह इस मामले में कुछ भी बोलने से बच रहा है।

# जिलाधिकारी ने शहीद उद्यान में योग सप्ताह दिवस का किया शुभारम्भ

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव ने शहीद उद्यान (कम्पनी गार्डेन) में दिनांक 15 जून से 21 जून तक चलने वाले योग सप्ताह दिवस कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलन कर शुभारम्भ किया। योग सप्ताह दिवस के अवसर पर विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव, नगर पालिका अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह, जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र सहित अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों व जनसामान्य ने विभिन्न योगासन किया। योग प्रशिक्षक द्वारा योगासन की विभिन्न मुद्राएं यथा वृक्षासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, दण्डासन, भद्रासन, वङ्कासन, कपालभाति, नाड़ी शोधन, ध्यान मुद्रा, भ्रामरी प्राणायाम, शलभ आसन, मकराआसन, पवनमुक्तासन, भुजंगासन, शीतली प्राणायाम, उष्ट्रासन, ग्रीवा चालन, स्कन्ध संचालन, ताड़ासन इत्यादि का योगाभ्यास कराया गया एवं योग के लाभों को बारें में बताया गया। इस अवसर पर विधायक सदर ने उपस्थित लोगों से नियमित रूप से योगाभ्यास करने की अपील की। उन्होने कहा कि नियमित रूप से योग करें और निरोग रहें। योग के माध्यम से तन और मान को चुस्त-दुरूस्त एवं स्वस्थ्य रखे और दैनिक जीवन में योग का निरन्तर उपयोग करें। योग स्वस्थ जीवन जीने का एक तरीका है। योगाभ्यास के उपरान्त योग संकल्प एवं प्रार्थना भी करायी गयी। योग सप्ताह कार्यक्रम में पतंजलि परिवार, आर्ट ऑफ लीविंग का सहयोग प्राप्त हुआ। इस दौरान क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा0 सरोज शंकर राम सहित डा0 रंगनाथ शुक्ला उपस्थित रहे। इसी प्रकार विकास खण्ड सभागार, गंगा घाट कालाकांकर, समस्त आयुष चिकित्सालय, समस्त आयुष हेल्थवेलनेश सेन्टर/योग वेलनेश सेन्टर पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



# जिलाधिकारी ने मृतक होमगाड्र्स जगत बहादुर पटेल के आश्रित को 40 लाख रूपये का दिया चेक

प्रतापगढ़। कोटक महिन्द्रा बैंक एवं होमगाड्र्स विभाग के संयुक्त प्रयास से दुर्घटना में मृत होमगाड्र्स जगत बहादुर पटेल कम्पनी बिहार प्रतापगढ़ की आश्रित विधवा पत्नी प्रेमा देवी को जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव द्वारा कैम्प कार्यालय सभागार में होमगाड्र्स अधिकारियों की समीक्षा बैठक में 40 लाख रूपये का चेक प्रदान किया। कोटक महिन्द्रा बैंक में जनपद के सभी होमगाड्र्स स्वयंसेवकों/अवैतनिक अधिकारियों के खाते सैलरी पैकेक अकाउण्ट के अन्तर्गत खोले गये थे। आकस्मिक दुर्घटना से इसके अन्तर्गत सभी होमगाड्र्स को विभाग द्वारा आच्छादित कराया गया था। विगत वर्ष जगत बहादुर पटेल की प्रातः ड्यूटी स्थल पर जाते समय अज्ञात वाहन के चपेट में आने के कारण मृत्यु हो गयी थी। होमगाड्र्स विभाग द्वारा सक्रियता से दुर्घटना बीमा से आच्छादित धनराशि होमगार्ड परिवार को 40 लाख रूपये का चेक जिलाधिकारी द्वारा दिलाया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने होमगाड्र्स के जिले में कानून व्यवस्था में योगदान देने, अधिक मुस्तैदी से ड्यूटी करने, प्रशासनिक अधिकारियों के साथ डटे रहने की प्रशंसा की। कमाण्डेन्ट होमगाड्र्स द्वारा विभागीय समीक्षा के दौरान उच्च टर्न आउट, आनलाइन उपस्थिति/अनुपस्थिति एवं प्रत्येक सप्ताह पर्यवेक्षण रिपोर्ट देने सम्बन्धी निर्देशों का कड़ाई से पालन करने पर जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने होमगार्ड आश्रित को कोटक महिन्द्रा बैंक से प्राप्त 40 लाख रूपये के सदुपयोग करने के प्रति विशेष आग्रह किया और कहा कि प्राप्त धनराशि का उपयोग किसी व्यवसाय में लगाये जिससे परिवार सुचारू रूप से चल सके। कमाण्डेन्ट होमगाड्र्स डा0 धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा बताया गया कि जनपद में कुल 16 होमगाड्र्स कम्पनी एवं 01 महिला प्लाटून कार्यरत है। सभी ब्लाकों पर कम्पनियों के मुख्यालय है। वर्तमान में कुल 1009 होमगाड्र्स/अवैतनिक अधिकारी तथा 28 वैतनिक अधिकारी जनपद में सेवारत् है। इस अवसर पर कोटक महिन्द्रा बैंक के बैंक प्रबन्धक अम्बुज मिश्रा व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।



# दहेज की मांग करने पर दूल्हे को पेड़ से बांधा,बरातियों को भी बनाया गया बंधक

प्रतापगढ़। बरात लेकर दुल्हन के घर पहुंचे दूल्हे को जयमाल के दौरान दहेज की मांग करना महंगा पड़ गया। उसकी मांग सुनकर परिवार के लोग सन्न रह गए। पहले तो समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन बात न बनने पर दूल्हे को पेड़ से बांध दिया गया। कई बरातियों को भी बंधक बनाया गया है।

जयमाल के दौरान अचानक दहेज की मांग करना दूल्हे और उसके परिजनों को भारी पड़ गया। आक्रोशित घर वालों ने दूल्हे समेत बरातियों को बंधक बना लिया। दूल्हे को पेड़ से बांध दिया गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को अपने साथ थाने ले गई। पूरे दिन पंचायत चलती रही, लेकिन इसका नतीजा नहीं निकला।



मान्धाता क्षेत्र के हरखपुर में बुधवार की रात जौनपुर से बरात आई थी। जयमाल के दौरान अचानक दूल्हा दहेज की मांग करने लगा। इससे दुल्हन के घर वालों में सन्नाटा पसर गया। पहले तो लोगों ने उसको समझाने बुझाने का प्रयास किया, लेकिन जब वह अपनी बात पर अड़ा रहा तो आक्रोशित परिवार के लोगों ने दूल्हे अमरजीत को पेड़ से बांध दिया। साथ ही दूल्हे के कई रिश्तेदारों और बरातियों को भी बंधक बना लिया। इससे बरात में अफरातफरी मची रही।

मामले की जानकारी होने पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को अपने साथ ले गई। थाने पर दिन भर पंचायत चलती रही लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

सीधे प्रवेश
नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
15% Fee Concession
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
पहले आओ पहले पाओ
15% Fee Concession



- कम्प्यूटर हार्डवेयर
- डाटा इंट्री ऑपरेटर
- फायर सेफ्टी
- कम्प्यूटर ऑपरेटर (कोपा)
- कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग
- इलेक्ट्रीशिन
- सीएनसी प्रोग्रामिंग
- इलेक्ट्रिक मैकेनिक
- बेसिक कम्प्यूटिंग
- सीसीए
- वेल्डर
- फिटर
- रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
- सिक्योरिटी सर्विस

Apply Online: www.nainiiti.com
प्रवेश हेल्पलाइन नं.:
8081180306,9415608710,8103021873
एमटेक कैम्पस, 'बी' ब्लाक, ए.डी.ए. कालोनी (पुलिस चौकी के पीछे), नैनी, प्रयागराज।
C-41 औद्योगिक थाने के पीछे औद्योगिक क्षेत्र UPSIDC नैनी, प्रयागराज।

# ग्रामोदय विश्वविद्यालय में सतत योगाभ्यास कुलपति प्रो भरत मिश्रा दे रहे प्रशिक्षण

चित्रकूट। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर होने वाले योग कार्यक्रम में सशक्त और गुणवत्तापूर्ण भागीदारी व योग प्रदर्शन के लिए महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो भरत मिश्रा और खेल प्रभारी डॉ विनोद कुमार सिंह आदि, ग्रामोदय परिवार के लोगों को योग का प्रशिक्षण दे रहे हैं।विवेकानंद सद्भावना खुला सभागार और नाना जी परिसर और अपने - अपने निवास के निकटवर्ती योग के केंद्रों में ग्रामोदय विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी और छात्र- छात्राएं पिछले



11 जून से सतत योगाभ्यास कर रहे हैं। दीन दयाल शोध संस्थान, आरोग्य धाम कैम्पस में मुख्य योग प्रशिक्षक डॉ तुषार कांत शास्त्री ने विभिन्न संस्थाओं के 200 मेंटरो का उन्मुखीकरण कार्यक्रम सफलता पूर्वक संयोजित और प्रशिक्षण प्रदान किया था। ज्ञातव्य है कि इस बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, दिनांक 21 जून 2023 का सामूहिक कार्यक्रम सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट परिसर जानकीकुंड में सम्पन्न होगा। इस सामूहिक योग कार्यक्रम के लिए दीन दयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन के सद्प्रयासों से संयुक्त चित्रकूट (मध्यप्रदेश व उत्तरप्रदेश) की संस्थाओं ने 108 स्थानों में चल रहे योगाभ्यास केन्द्र संचालन का निर्णय लिया है। चित्रकूट के सरकारी, गैर सरकारी संस्थान, संत महात्मा, समाजसेवी समुदाय के लोग सामूहिक योग कार्यक्रम की तैयारी में लगे हुए है।

# पूर्वोत्तर रेलवे ने जागरूकता अभियान के तहत लोगो को किया जागरूक

वाराणसी। पूर्वोत्तर रेलवे का वाराणसी मंडल यात्रियों की सुविधाओं के साथ-साथ आम जनता की संरक्षा व सुरक्षा के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी क्रम में मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय के निर्देशन में तथा सहायक मंडल संरक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में आज गुरुवार को वाराणसी मंडल पर अंतर्राष्ट्रीय समपार जागरूकता दिवस मनाया गया।

आज अन्तर्राष्ट्रीय समपार जागरूकता दिवस के अवसर पर सहायक मंडल संरक्षा अधिकारी श्री प्रदीप कुमार सिंह एवं सेफ्टी कौंसलरों द्वारा वाराणसी मंडल के वाराणसी सिटी-सारनाथ-राजवारी-औडिहार रेल खण्ड के समपार फाटकों सं-25 स्पेशल,24 स्पेशल,22 सी,21 सी,19 सी,14 सी,12 स्पेशल,9 सी,7 सी एवं 02 बी रेलवे क्रासिंगों पर दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से वाराणसी मंडल के संरक्षा संगठन द्वारा मंडल स्तर पर अभियान चलाकर आस पास के नागरिकों स्कूल एवं विद्यालयों के बच्चों को संरक्षा के प्रति जागरूक किया। रेलवे फाटकों के नजदीकी गावों, ब्लाकों, आंगनबाड़ी केन्द्रो एवं विद्यालयों में संरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सड़क उपयोगकर्ताओं हेतु रेलवे



सुरक्षा बल के साथ संयुक्त जाँच एवं काउन्सलिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 'जीवन समय से ज्यादा मूल्यवान है, समपारों को पार करने में सावधानी बरतें' 'समपारों के बन्द होने की स्थिति में उसके नीचे से न जांये' तथा 'समपार खोलने के लिये गेटमैन परअनर्गल दबाव न बनायें' स्लोगन का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। इन संदेशों का आकाशवाणी एवं रेडियो के एफ.एम चैनलों पर प्रसारण किया गया । इसी क्रम में 15 लाख मोबाइल उपभोक्ताओं को एस.एम.एस. के माध्यम से इन संदेशों को भेजकर जागरूक किया गया। उल्लेखनीय है कि वाराणसी मंडल के बड़ी लाइन पर स्थित सभी अमानवित समपारों को समाप्त किया जा चुका है तथा मानवित समपारों को विभिन्न तरीकों से बन्द किया जा रहा है । वाराणसी मंडल पर लेवल क्रॉसिंग को खत्म करने के लिए लगातार प्रयास कर किया जा रहा है। इन सबके बाद भी सतर्कता बरतने के लिए वाराणसी मंडल पर स्थित सभी समपार फाटकों पर पर्याप्त प्रकाश हेतु सोलर विद्युत प्रकाश रखने , समपार फाटकों पर सड़क की सरफेस को सुगम रखने,गेट सिगनल को दुरुस्त रखने,दोनों दिशाओं में चेतावनी बोर्ड के स्थापन,उचित दुरी पर गति-अवरोधक बनाने, गेट मैन ड्यूटी-हट पर पर्याप्त व्यवस्था रखने,बैरियर गिरने के पूर्व एलार्म बजने ,गेट खराब होने की दशा में गेट बंद करने हेतु सेफ्टी चेन लगाने एवं चेतावनी संकेत देने ,विद्युतीकृत एवं दोहरीकृत रेल खण्ड पर कार्य करने हेतु गेट मैनों को पर्याप्त संरक्षा ज्ञान सुनिश्चित करने तथा गेट बंद हो जाने पर अनाधिकृत प्रवेश पर रोक लगाया जाना तय किया गया। पूर्वोत्तर रेलवे मण्डल रेल प्रबंधक वाराणसी के जनसम्पर्कअधिकारी अशोक कुमार ने मीडिया को बताया कि वर्तमान में अब मानवित यानि रक्षित समपारों को भी रोड अण्डर ब्रिज रोड ओवर ब्रिज के माध्यम से चरणबद्ध तरीके से समाप्त किया जा रहा है। इन्हीं प्रयासों का फल है कि पिछले वर्ष समपारों पर कोई भी परिणामी दुर्घटना नहीं हुई ।

# मोटरसाइकिल यात्रा का शुभारंभ हुआ इस मोटरसाइकिल यात्रा के संयोजक मोहित मिश्रा

चित्रकूट विकास जिला महामंत्री भाजयुमो चित्रकूट हैं इसके मुख्य अतिथि आर के पटेल सांसद बांदा रहे तथा



विशिष्ट अतिथि सुनील साहू क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजयुमो कानपुर बुंदेलखंड वाह जिला अध्यक्ष भाजपा चंद्र प्रकाश खरे चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय पूर्व मंत्री प्रारंभ समय का संचालन प्रमेंद्र प्रताप सिंह महामंत्री भाजपा तथा यह यात्रा 15 जून से 21 जून तक की है इस यात्रा को कर्वी मंडल से प्रारंभ होकर शिवरामपुर, भरतकूप, पहाड़ी, गनीवा, सरधुवा, रामनगर, मऊ, बरगढ़, ऐंचवारा व मानिकपुर मंडल में समाप्त होगी सांसद आरके पटेल ने कहा प्रधानमंत्री के नव वर्ष के स्वर्णिम कार्यकाल को युवा मोर्चा मंडल मंडल जाकर नुक्कड़ सभा कर कि मोदी के कार्यों को गिराने का काम करेगा विशिष्ट अतिथि सुनील साहू जी ने कहा कि नववर्ष के स्वर्णिम कार्यकाल को युवा मोर्चा क्षेत्र जिला मंडल बूथ तक जाकर अपनी योजनाओं से जनमानस को रूबरू करा कर आगामी आगे आने वाले 2024 के चुनाव में प्रभावी भूमिका निभाएगा इस मोटरसाइकिल यात्रा में आलोक पांडे जिला महामंत्री भाजपा सहित शोध प्रमुख धर्मेंद्र त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष शिवाकांत पांडे, आदित्य सुखेंद्र सिंह, अजय मिश्रा, जिला मंत्री घनश्याम पटेल, राम किशोर प्रजापति, शैलेंद्र कुमार, पुष्पराज मिश्रा, लवकुश यादव, विनीत पयासी, मंडल अध्यक्ष सुशील दुबे दी, मंडल अध्यक्ष भानु पांडे, शिव देवकीनंदन पांडे, आदित्य तिवारी, आदित्य रघुवंशी, नागेंद्र त्रिपाठी, दीपक द्विवेदी, प्रांशु सोनी, श्रवण पटेल मंडल अध्यक्ष व राहुल पांडे आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बाबा जी की मूर्ति स्थापना के साथ ही होगें विविध कार्यक्रम

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ही ख्यातिलब्ध संतो का मिलेगा आर्शीवचन

चित्रकूट। इस साल का योग दिवस चित्रकूट में खास होने वाला है। चित्रकूट बाल विद्यालय के पूर्व अध्यापक स्व. बद्री प्रसाद त्रिपाठी'बाबाजी'की मूर्ति स्थापना के साथ ही विविध कार्यक्रम मुख्यालय के सुंदर घाट स्थित रामजानकी मंदिर में अयोजित होगें। कार्यक्रम का शोभा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बढाएंगे, वहीं दूसरी ओर विश्व प्रसिद्व धार्मिक संतों व फिल्म स्टारों का भी जमावड़ा लगेगा। यह जानकारी इस विशेष कार्यक्रम के मुख्य आयोजन प्रो.डॉ. गोविंद नारायण त्रिपाठी ने मीडिया को गुरूवार की दोपहर सुंदर घाट राम जानकी मंदिर पर दी।

उन्होंने बताया कि 21जून को कार्यक्रम का प्रारंभ योग से होगा। लगभग दो सैकड़ा भगनि व बंधु मंदाकिनी के पावन तट पर योग करेंगे। इसके बाद विशाल शोभा यात्रा निकलेगी जो शहर से विभिन्न



इलाकों से होते हुए चित्रकूट बाल विद्यालय जाएगी। यहां पर पूर्व छात्र अपने प्रिय गुरूओं संस्थापक प्रधानाचार्य पंडित राजाराम पांडेय, पूर्व प्रधानाचार्य स्व. हरिश्चंद्र रिछारिया, पूर्व अध्यापक स्व. बद्री प्रसाद त्रिपाठी, स्व. राम कृपाल पांडेय, स्व. राम स्वरूप तिवारी व स्व. विजय लक्ष्मी रिछारिया के चित्रो को स्थापित करेंगे। इसके बाद शोभायात्रा वापस मंदिर आएगी। यहां पर मूर्ति स्थापना के साथ ही सवा लाख महामृत्युंजय जप का हवन होगा, व उसके बाद भंडारे का आयोजन है। शाम के सत्र में रूसी फिल्म डायरेक्टर व प्रोड्यूसर जैक्शन जयकिशन द्वारा बनाए जा रहे सीरियल सनातन भारत के मुख्य थीम सांग सनातनी सनातनी का रिलीज होगा। इस अवसर पर सीरियल की स्टार कास्ट व गीतकार संगीतकार भी मौजूद रहेंगे।

इसके बाद कवियों द्वारा सम्मेलन का आयोजन होगा। आयोजन के सह संयोजक वरिष्ठ पत्रकार संदीप रिछारिया ने बताया कि चित्रकूट बाल विद्यालय मुख्यालय का सबसे प्राचीन विद्यालय है। यहां से शिक्षण ग्रहण करने वाले छात्र विश्व स्तर पर अपनी मेघा का परिचय दे रहे हैं। बड़े स्तर के नौकरशाह, फिल्म जगत,पत्रकारिता, विज्ञान के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाने वाले छात्र यहां पर सैकड़ों में है। यह कार्यक्रम वास्तव में गुरूओं के प्रति हमारी कृतज्ञता ज्ञापित करता है। कहा कि जैसे गोविद भैया के पिता बाबा उनके गुरू हैं, वैसे ही मेरे पिता पूर्व प्रधानाचार्य स्व.हरिश्चंद्र रिछारिया मेरे गुरू हैं और सबसे बड़ी बात तो यह है कि मेरी माता स्व. विजय लक्ष्मी रिछारिया जिन्होंने न केवल मुझे घर में बल्कि विद्यालय में भी पहला अक्षर ज्ञान कराया। यह कार्यक्रम बाल विद्यालय के सभी पूर्व छात्रों का है। कई देशों से इसमें भद्रपुरूषों के आने की संभावना है। हम लोग उसी स्तर पर कार्यक्रम की व्यवस्था कर रहे हैं। पत्रकारों से बातचीत के दौरान कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी पुष्पराज कश्यप व रोबिन मौजूद रहे।

# कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआईएमएस की समीक्षा बैठक सम्पन्न

चित्रकूट।जिलाधिकारी ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि आईजीआरएस प्रकरणों के निस्तारण में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रकरणों का समय से निस्तारण न होने पर संबंधित विभागाध्यक्ष की जिम्मेदारी तय होगी। प्रकरणों के डिफॉल्टर होने पर सम्बंधित अधिकारी का स्पष्टीकरण तलब किया जाएगा। सभी विभागीय अधिकारी सकारात्मक सोच व मनोयोग के साथ कार्य करें। उन्होंने जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी का निस्तारण ठीक न होने पर माह जून का तीन दिन का वेतन रोकने एवं कम्प्यूटर आपरेटर का पूरे माह का मानदेय काटने के निर्देश दिए कृषि विभाग का भी निस्तारण सही न होने पर उप निदेशक कृषि एवं संबंधित लिपिक का भी तीन दिन वेतन काटा जाए अधिशासी अभियंता जल निगम तीन दिन का वेतन रोका जाए एवं कम्प्यूटर आपरेटर



का मानदेय काटा जाए। जिन अधिकारियों के टापटेन प्रकरणो में असंतुष्टि की फीडबैक है उनसे स्पष्टीकरण मांगा जाए, जिलाधिकारी ने कहा कि आम जनमानस की शिकायतों का निस्तारण मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में है। इसलिए निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारी स्वयं प्रकरणों को देखें व प्राथमिकता पर उसका निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रकरण डिफॉल्टर श्रेणी में न आए।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रशासनिक सेवा जन सेवा है और आइजीआरएस पोर्टल आमजन की शिकायतों को जानने व उसके निस्तारण का एक अच्छा प्लेटफार्म है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रकरणों का समय से निस्तारण न होने पर संबंधित विभागाध्यक्ष की जिम्मेदारी तय होगी, इसलिए सभी अधिकारी प्रतिदिन आइजीआरएस पोर्टल पर प्रकरणों को देखें व उसका समय से निस्तारण कराना सुनिश्चित करें साथ ही आईजीआरएस से संबंधित नए शासनादेश का भली प्रकार अध्ययन भी करें। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस प्रकरणों के निस्तारण में शिकायतकर्ता की संतुष्टि आवश्यक है, शिकायतकर्ता से स्वयं वार्ता भी अवश्य करें, संविदा कम्प्यूटर आपरेटरो के भरोसे पर न रहे। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस प्रकरणों की समीक्षा शासन स्तर से भी की जाती है और वहां से फीडबैक भी लिया जाता है। अपर जिलाधिकारी न्यायिक वंदिता श्रीवास्तव ने कहा कि अधिकारी प्रकरणों को रोज देखें, समय से निस्तारित कराएं तथा डिफाल्टर होने से पहले ही प्रकरणों का निस्तारण सुनिश्चित कराएं और कंट्रोल रूम से कॉल का इंतजार न करें। स्वयं पूरी गंभीरता से प्रकरणों को देखें और उसका निस्तारण कराएं।

बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक वंदिता श्रीवास्तव,उप जिलाधिकारी मऊ नवदीप शुक्ला, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव, प्रभागीय वनाधिकारी पीके त्रिपाठी, परियोजना निदेशक ऋषि मुनि उपाध्याय, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# अमेठी में योग दिवस के पहले ही योग का दिखा खुमार

अमेठी। आगामी 21 जून को नवां योग दिवस पूरे विश्व में मनाया जायेगा। प्रत्येक परिवार के कल्याण और स्वास्थ्य में योग के महत्व को समझ और पूरे विश्व को समझा योग को अन्तर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने वाले भारत में योग दिवस को भव्य बनाने के लिए एक सप्ताह पूर्व ही विविध क्रियाकलाप देखने को मिलने लगे हैं अमेठी जनपद में भी हर घर-आंगन योग थीम के जरिये योग के महत्व को जन- जन तक पहुचाने और इसके लाभ से लाभान्वित करने के उद्देश्य से गांव -गांव सात दिन पूर्व ही योग की कक्षायें चलाईं जा रही है ।

गुरुवार को भेटुआ विकास खण्ड में इसकी एक बानगी तब देखने को मिली जब क्षेत्र की 47 ग्राम पंचायतों, सरकारी कार्यालयों में एक साथ योग कक्षायें चलायी गयीं। गुरुवार सुबह 6 से 8 बजे तक ग्राम पंचायतों में जहां ग्राम प्रधानों ने ग्रामीणों संग योग सीखा वहीं विकास खंड कार्यालय में कार्यालय अधिकारी कर्मचारी संग स्थानीय जनता ने जमकर पसीना बहाया। आयुष अस्पताल बेनीपुर अमेठी में भी ऑफिस स्टाफ संग मरीज भी इस दौरान योग सीखते दिखे। खबर मिली है कि यह प्रक्रिया आगामी 21 जून योग दिवस तक ऐसे ही चलती रहेगी जिससे लोग अपने जरूरत अनुसार योग का प्रशिक्षण प्राप्त कर लाभ ले सकें।

# हत्या के प्रयास कैै अभियोग में 1 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

प्रतापगढ।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद के थाना पट्टी के उ0नि0 अजीत सिह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान थाना पट्टी के मु0अ0सं0 206/2023 धारा 147, 148, 149, 307, 435, 504, 506 भादवि में वांछित अभियुक्त राजेश शर्मा पुत्र स्व0 रामआसरे शर्मा नि0 ग्राम कुन्दनपुर थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ को मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र मौर्य नगर शीतलू मौर्या के दुकान के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः- राजेश शर्मा पुत्र स्व0 रामआसरे शर्मा नि0 ग्राम कुन्दनपुर थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़।पुलिस टीमः- उ0नि0 अजीत सिह मय हमराह थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़।

# जिलाधिकारी ने मृतक होमगाड्र्स जगत बहादुर पटेल के आश्रित को 40 लाख रूपये का दिया चेक

प्रतापगढ़। कोटक महिन्द्रा बैंक एवं होमगाड्र्स विभाग के संयुक्त प्रयास से दुर्घटना में मृत होमगाड्र्स जगत बहादुर पटेल कम्पनी बिहार प्रतापगढ़ की आश्रित विधवा पत्नी प्रेमा देवी को जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव द्वारा कैम्प कार्यालय सभागार में होमगाड्र्स अधिकारियों की समीक्षा बैठक में 40 लाख रूपये का चेक प्रदान किया। कोटक महिन्द्रा बैंक में जनपद के सभी होमगाड्र्स स्वयंसेवकों/अवैतनिक अधिकारियों के खाते सैलरी पैकेक अकाउण्ट के अन्तर्गत खोले गये थे। आकस्मिक दुर्घटना से इसके अन्तर्गत सभी होमगाड्र्स को विभाग द्वारा आच्छादित



कराया गया था। विगत वर्ष जगत बहादुर पटेल की प्रातः ड्यूटी स्थल पर जाते समय अज्ञात वाहन के चपेट में आने के कारण मृत्यु हो गयी थी। होमगाड्र्स विभाग द्वारा सक्रियता से दुर्घटना बीमा से आच्छादित धनराशि होमगार्ड परिवार को 40 लाख रूपये का चेक जिलाधिकारी द्वारा दिलाया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने होमगाड्र्स के जिले में कानून व्यवस्था में योगदान देने, अधिक मुस्तैदी से ड्यूटी करने, प्रशासनिक अधिकारियों के साथ डटे रहने की प्रशंसा की। कमाण्डेन्ट होमगाड्र्स द्वारा विभागीय समीक्षा के दौरान उच्च टर्न आउट, आनलाइन उपस्थिति/अनुपस्थिति एवं प्रत्येक सप्ताह पर्यवेक्षण रिपोर्ट देने सम्बन्धी निर्देशों का कड़ाई से पालन करने पर जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने होमगार्ड आश्रित को कोटक महिन्द्रा बैंक से प्राप्त 40 लाख रूपये के सदुपयोग करने के प्रति विशेष आग्रह किया और कहा कि प्राप्त धनराशि का उपयोग किसी व्यवसाय में लगाये जिससे परिवार सुचारू रूप से चल सके। कमाण्डेन्ट होमगाड्र्स डा0 धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा बताया गया कि जनपद में कुल 16 होमगाड्र्स कम्पनी एवं 01 महिला प्लाटून कार्यरत है। सभी ब्लाकों पर कम्पनियों के मुख्यालय है। वर्तमान में कुल 1009 होमगाड्र्स/अवैतनिक अधिकारी तथा 28 वैतनिक अधिकारी जनपद में सेवारत् है। इस अवसर पर कोटक महिन्द्रा बैंक के बैंक प्रबन्धक अम्बुज मिश्रा व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

# अब तक के खास खबरे

आधुनिक समाचार सेवा

लखनऊ- पूर्व डिप्टी सीएम डॉ दिनेश शर्मा आज करेंगे प्रेस कॉन्फ्रेंस, मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर प्रेस वार्ता करेंगे, सेंट्रल होटल अमीनाबाद में 12.45 बजे करेंगे प्रेस वार्ता, विकास कार्यों के संदर्भ में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे दिनेश शर्मा.

लखनऊ- महान दल का आज कार्यकर्ता सम्मेलन, मुख्य अतिथि के तौर पर केशव देव मौर्य होंगे शामिल, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगा कार्यक्रम.

लखनऊ- लोहिया संस्थान से आज एंबुलेंस को रवाना किया जाएगा, एएलएस एंबुलेंस वाहनों को दिखाई जाएगी हरी झंडी, मंत्री दयाशंकर सिंह एंबुलेंसों को दिखाएंगे हरी झंडी, मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्रा भी साथ रहेंगे मौजूद, दोपहर 3 बजे लोहिया संस्थान में होगा कार्यक्रम.

लखनऊ- सीएम योगी आदित्यनाथ करेंगे जनसभा को संबोधित, महा जनसम्पर्क अभियान के तहत सीएम आज करेंगे जनसभा, भाजपा महा-जनसंपर्क अभियान के तहत करेंगे जनसभा, फैजाबाद संसदीय क्षेत्र नंदीग्राम, भरत कुंड, बीकापुर में जनसभा.

लखनऊ- आम आदमी पार्टी का आज से शुरू होगा 'गांव चलो अभियान' ,"इ सांसद संजय सिंह अभियान की शुरुआत करेंगे, 360 ग्रामीण विधानसभा से होकर गुजरेगा अभियान, राजधानी लखनऊ में अभियान का समापन होगा.

लखनऊ- योग सप्ताह कार्यक्रम की आज होगी शुरुआत, योग दिवस को लेकर योग सप्ताह कार्यक्रम, 15 से 21 जून तक योग सप्ताह कार्यक्रम, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 10 बजे कार्यक्रम, मंत्री जयवीर सिंह, दयाशंकर सिंह दयालू रहेंगे मौजूद, योग सप्ताह कार्यक्रम की आज होगी शुरुआत.

लखनऊ- प्राधिकरण दिवस/जनता अदालत का आयोजन आज, विपिन खण्ड स्थित प्राधिकरण भवन में आयोजन, सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा आयोजन.

लखनऊ- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की आज अयोध्या में जनसभा, बीकापुर विधानसभा में जनसभा को संबोधित करेंगे सीएम, भाजपा के महा-जनसंपर्क अभियान के तहत जनसभा करेंगे.

लखनऊ- बीजेपी राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह का आज लखनऊ दौरा, महा जनसम्पर्क अभियान के तहत लोगों से संपर्क करेंगे, आज 3.50 बजे गोमती नगर में लोगों से सम्पर्क करेंगे, 6.30 बजे मोर्चा के संयुक्त सम्मेलन को संबोधित करेंगे , रघुवर पैलेस, इन्द्रा नगर में मोर्चा का संयुक्त सम्मेलन.

लखनऊ- बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी का आज का कार्यक्रम, बाराबंकी और बहराइच दौरे पर रहेंगे भूपेंद्र सिंह चौधरी, महा जनसम्पर्क अभियान के तहत कार्यक्रमों में शामिल होंगे, 10.30 बजे बाराबंकी में प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करेंगे, बाईक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे भूपेंद्र चौधरी, 12 बजे संम्पर्क से समर्थन के तहत लोगों से संपर्क करेंगे, 3 बजे बहराइच में प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करेंगे.

लखनऊ-बीजेपी के महा जनसम्पर्क अभियान के आज कई सम्मेलन, प्रदेश में कई स्थानों पर लाभार्थी सम्मेलन आयोजित होंगे, प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर संयुक्त मोर्चा सम्मेलन भी होंगे, अलग-अलग जगहों पर संयुक्त मोर्चा सम्मेलन किए जाएंगे.

लखीमपुर-जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का आज का कार्यक्रम, जल शक्ति विभाग के कार्यक्रमों का करेंगे निरीक्षण, 9 साल पूरे होने पर लाभार्थी सम्मेलन में भाग लेंगे, धौरहरा में टिफिन बैठक में भाग लेंगे मंत्री स्वतंत्र देव, बाढ़ बचाव को लेकर किए गए कार्यो का निरीक्षण करेंगे.

फर्रुखाबाद- कार और ई रिक्शा में आमने-सामने हुई भिड़ंत, सड़क हादसे में हुए 5 लोग घायल, घायलों को एंबुलेंस से लाया गया सीएचसी, गंभीर हालत में चार घायल जिला अस्पताल लोहिया रेफर, थाना कमालगंज क्षेत्र के रजीपुर का मामला.

कन्नौज- तिहरे हत्याकांड से इलाके में मचा हड़कंप, पति ने पत्नी, बच्चे व पत्नी के प्रेमी को जान से मारा, बच्चों संग पत्नी प्रेमी के घर आई थी, प्रेमी का बच्चा होने के शक में बच्चे को भी मारा, हत्या के बाद पति को पुलिस ने लिया हिरासत में, मौके पर पहुंचे एएसपी,सीओ समेत कई अधिकारी, शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेज शुरू की जांच, हत्यारा पति मनोज इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के टुड़पुरा का निवासी.

हरदोई- अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, साथी हुआ गंभीर रूप से घायल, घायल को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया, लखनऊ से घर लौटते समय हुआ हादसा, कछौना कस्बे के बैंक ऑफ बड़ौदा के पास की घटना.

हापुड़- वन विभाग के जंगल में लगी आग, आग में सैकड़ो पेड़ पौधे जलकर हुए राख,सूचना देने पर मौके पर पहुंची दमकल विभाग की गाड़ियां, विभाग की गाड़ियां आग पर काबू पाने में जुटी, जंगल के पशु पक्षियों की भी जलकर मौत की आंशका, गढ़ कोतवाली क्षेत्र के गंगा खादर की घटना.

हापुड़- जंगल में मिले व्यक्ति के शव का मामला , लाठी डंडों से पीट पीटकर व्यक्ति को उतारा मौत के घाट, दबंगो ने व्यक्ति की हत्या कर शव को जंगल मे फेंका, प्रेम प्रसंग के चलते हत्या की आशंका , पुलिस मामले की जांच में जुटी, थाना हाफिजपुर के गांव अब्दुल्लापुर मोड़ी का मामला.

हापुड़- तेज रफ्तार कार का फटा टायर, टायर फटने से हाइवे पर पलटी तेज रफ्तार कार, हाईवे पर कार पलटने से मची अफरातफरी, कार सवार दो लोग हुए घायल, थाना बाबुगढ़ के उपेडा के पास का मामला.

हापुड़ - अज्ञात वाहन ने व्यक्ति को कुचला , शव के ऊपर से गुजरे कई वाहन, वाहनों के गुजरने से शव हुआ छत विक्षत, सड़क पर दूर तक फैले मृतक के अवशेष , शव की शिनाख्त पुलिस के लिए बनी चुनौती, गढ़ कोतवाली क्षेत्र के गांव अल्लाबख्शपुर की घटना.

औरैया- डबल मर्डर से इलाके में मची सनसनी, पति ने पत्नी और उसके प्रेमी की हत्या की, देर रात्रि आपत्तिजनक हालत में देखकर की हत्या, दो लोगों की हत्या से गांव में सनसनी, गांव में कई थानों की फोर्स की गई तैनात,सहायल थाना क्षेत्र के नंदपुर गांव का मामला.

बदायूं - नीलगाय से टकराकर बाइक सवार दंपत्ति घायल, शादी समारोह से वापस लौट रहे थे बाइक सवार दंपति, सड़क पर अचानक नीलगाय के आने से हुआ हादसा, उघैती थाना क्षेत्र के गांव सराह बरोलिया का मामला.

कुशीनगर- अज्ञात कारणों से घर में लगी भीषण आग , आग में जलकर परिवार के 6 लोगों की मौत, शवों को एम्बुलेंस से भेजा गया जिला अस्पताल, घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम मौके पर पहुंचे, फायर ब्रिगेड बुलाकर आग पर पाया गया नियंत्रण, मौके पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक भी पहुंचे, रामकोला थाना क्षेत्र के वार्ड नं 2 बापू नगर की घटना.

अयोध्या- सीएम योगी आदित्यनाथ के दौरे का दूसरा दिन, कल अयोध्या में किया था रात्रि विश्राम , आज हनुमानगढ़ी, राम जन्मभूमि के करेंगे दर्शन पूजन, 11 बजे भरत कुंड पर जनसभा को करेंगे संबोधित, केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर गिनाएंगे उपलब्धियां, भाजपा युवा मोर्चा की साइकिल रैली को दिखाएंगे हरी झंड़ी, आज दोपहर को लखनऊ के लिए होंगे रवाना.

सोनभद्र- खड़े ट्रक में पीछे से बाइक ने मारी टक्कर, बाइक सवार चार लोग गंभीर रूप से हुए घायल, एक ही बाइक पर सवार थे चार लोग , घायलों को लोगों की मदद से भेजा गया सीएचसी , एक घायल की इलाज के दौरान मौत, प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायल जिला अस्पताल रेफर, चोपन थाना क्षेत्र के डाला चढ़ाई की घटना.

अमेठी- जिले में दबंगों के हौंसले बुलंद, रास्ते के वविाद को लेकर दबंगों ने की मारपीट, मारपीट में एक पक्ष के दो लोग घायल, एक को जिला अस्पताल किया गया रेफर, दबंगों द्वारा दर्जनों की संख्या में आकर की गई मारपीट, पीड़ित अपनी जमीन पर करा रहा था निर्माण कार्य, जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के थौरी गांव का मामला.

देहरादून- पुरोला में हिंदूवादी संगठनों की महापंचायत, संगठन के विरोध में एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स , मामले में आज हाईकोर्ट नैनीताल में होगी सुनवाई, सुप्रीम कोर्ट का खटखटाया था दरवाजा , महापंचायत रोकने को प्रशासन ने पुरोला को छावनी में बदला, पुरोला तहसील क्षेत्र में धारा-144 की गई लागू.

कोटद्वार- तेज धूप के साथ गर्म हवा के थपेड़ों से लोग परेशान, तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से चल रहा ऊपर, बृहस्पतिवार को गर्मी से कुछ राहत मिलने की उम्मीद, मौसम विभाग ने पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश की जताई आशंका, गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा होने की जताई संभावना.

दिल्ली- बृजभूषण सिंह के खिलाफ आज दायर हो सकती चार्जशीट,यौन शोषण मामले में आज दायर हो सकती चार्जशीट, बृजभूषण सिंह के खिलाफ आज दायर हो सकती चार्जशीट।

# शक्तिनगर पुलिस थाना अध्यक्ष ने बढ़ाया बालिका सशक्तीकरण अभियान-2023 प्रतिभागियों का मनोबल

**आधुनिक समाचार सेवा**

सिगरौली। एनटीपीसी सिंगरौली, शक्तिनगर सी एस आर बालिका सशक्तीकरण अभियान -2023 कार्यशाला के प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाने एवं उनसे चर्चा करने हेतु श्री दिनेश प्रकाश पाण्डेय, शक्तिनगर थाना अध्यक्ष प्रभारी एनटीपीसी सिंगरौली पधारे। अतिथिगण के साथ ग्रीष्मकालीन बालिका सशक्तीकरण अभियान-2023 कार्यशाला बैच की बालिकाओं के साथ इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया गया।






इस कार्यशाला के दौरान बालिकाओं की सुरक्षा में पुलिस कर्मियों की भूमिकाओं, जिम्मेदारियों और कर्तव्यों को लेकर जागरूक किया गया। इस अवसर पर बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार के 'मिशन शक्ति', बाल विवाह निषेध अधिनियम, यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पोकसों) अधिनियम और किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम सहित कानूनों के बारे में विस्तार से बताया गया।

कार्यशाला के अवसर पर श्री दिनेश प्रकाश पाण्डेय ने एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा सीएसआर के अंतर्गत आसपास के समुदायों की वंचित ग्रामीण बालिकाओं के उत्थान हेतु आयोजित बालिका सशक्तीकरण अभियान की सराहना की। उन्होंने सीसीटीवी के माध्यम से 247 निगरानी, सुरक्षा महिलाओं की तैनाती, बालिकाओं को शैक्षणिक प्रशिक्षण के अलावा वार्डन, सुरक्षा कर्मचारी, उच्च गुणवत्ता वाला पौष्टिक भोजन, प्रशिक्षण पोशाक आदि प्रदान करने के लिए भी एनटीपीसी सिंगरौली की सराहना की। श्री दिनेश एवं उनकी टीम द्वारा बालिका सशक्तीकरण अभियान हेतु कंट्रोल रूम, क्लास रूम, सभागार, छात्रावास आदि का भी निरीक्षण किया गया एवं संतुष्टि व्यक्त की गई। परिचर्चा के दौरान बालिका सशक्तीकरण अभियान-2023 की बालिकाओं द्वारा उनके समग्र विकास हेतु एनटीपीसी सिंगरौली को इस कार्यशाला हेतु धन्यवाद दिया गया।

श्री दिनेश प्रकाश पाण्डेय एवं उनकी टीम द्वारा जेम-2023 प्रतिभागियों के साथ भोजन कर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया।

इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा जन सामान्य की सुविधा को ध्यान रखते हुए शक्तिनगर थाना को दो डस्ट्बिन एवं एक कूलर भी वितरित किया गया।

इस अवसर पर डॉ ओम प्रकाश, वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन), श्री एसके सिंह, महामंत्री (एचएमएस-यूनियन), पत्रकार बंधु, एनटीपीसी के अधिकारिगण आदि सम्मलित हुए।

# नाबालिग बालिका के प्रेम विवाह की हो रही थी तैयारी पहुँचा- प्रशासन

## जिला बाल संरक्षण इकाई टीम के त्वरित कार्यवाही से रूका बाल विवाह।

करमा सोनभद्र। विश्वस्त सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुआ की थाना करमा अन्तर्गत एक ग्राम के दुर्गा मन्दिर मे उम्र 16 वर्ष की नाबालिग बालिका की शादी उसके माता पिता के बिना रजामन्दी की जा रही है सूचना के सम्बन्ध मे तत्काल संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह व पुलिस अधीक्षक डा0 यशवीर सिंह के निर्देश पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी राजेश कुमार खैरवार द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई से नोडल/ संरक्षण अधिकारी रोमी पाठक ओ.आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे, महिला शक्ति केन्द्र से जिला समन्वयक साधना मिश्रा व थाना करमा की संयुक्त टीम गठित कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु आदेशित किया गया जिसके उपरान्त संयुक्त टीम द्वारा तत्काल सम्बन्धित थाना करमा अन्तर्गत दुर्गा मंदिर पहुंचे जहां पर शादी के कार्यक्रम की तैयारी हो रही थी लड़का पक्ष से सभी लोग उपस्थित थे लड़की के घर से सिर्फ लड़की मौजूद मिली घर का कोई भी सदस्य मौजूद नही थे प्रथम दृष्टया बालिका नाबालिग प्रतीत हुई जिसके उपरांत विवाह रोक दिया गया टीम द्वारा अन्य उपस्थित लोगों को बाल विवाह एक कानूनन अपराध है, बाल विवाह से होने वाले हानियों के बारे में भी बताया गया टीम द्वारा नाबालिग बालिका की पुनः बाल विवाह न कर दिया जाये इस कारण नाबालिग बालिका को अपनी अभिरक्षा में लेते हुए बाल कल्याण समिति सोनभद्र के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु ले जाया गया ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे द्वारा बताया गया कि प्रकरण के सम्बंध नाबालिग बालिका की काउन्सलिग व जाचोपरान्त नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी




# खड़ी ट्रक में अनियंत्रित होकर बाइक सवारों ने मारी टक्कर, चार घायल मे से एक की हुई मौत



**आधुनिक समाचार सेवा**

डाला सोनभद्र- स्थानीय डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के डाला चढ़ाई पर तेलगुडवा के तरफ आ रहें बाइक सवारों ने अनियंत्रित होकर गलत स्थान पर खड़ी ट्रक को मारा टक्कर, चार घायलों में से तीन युवकों गंभीर रूप से घायल एवं एक युवक को चिकित्सकों ने मृतक घोषित कर दिया

बुधवार रात्रि लगभग पौने ग्यारह बजे डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के डाला चढ़ाई पर तेलगुडवा के तरफ आ रहें बाइक सवारों ने अनियंत्रित होकर खड़ी ट्रक में टक्कर मार दिए वहीं घटना के बाद देखते देखते स्थानीय लोगों भीड़ इकट्ठा हो गया रहवासियों ने डाला पुलिस, पीआरबी चोपन एंबुलेंस को सूचना दी गई सूचना पाकर मौके पर पहुंचे डाला चौकी इंचार्ज राजेश राजेश प्रताप सिंह व पीआरबी चोपन अग्रीम कार्यवाही करते हुए स्थानीय लोगों के मदद चारों घायलों को निजी वाहन से चोपन अस्पताल भेजवाया गया जिसके उपरांत डाला पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक एवं ट्रक को डाला चौकी परिसर में लेजाया गया

प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल जिसमें मिलन पुत्र लाले मन,राजा पुत्र मुन्ना, आनंद पुत्र आलोफी विकास पुत्र बाले निवासी अम्मा टोला , कोटा घायल हो गए जो कि एक ही बाइक पर चार युवक सवार थे जो कि चारों में से तीन युवक गंभीर रूप से घायल व आनंद पुत्र आलोफी को चिकित्सकों ने मृतक घोषित बताया जा रहा है

आए दिन हो रहा सड़क दुघर्टना को लेकर नगर के बुद्धिजीवी का मानना है कि वाराणसी से शक्ति नगर राज्य मार्ग पर ट्रक चालकों के द्वारा यातायात नियमों का पालन नहीं किया जाता है जहां ट्रक चालकों द्वारा सडक पर किसी ना किसी बहाने से ट्रक व भारी वाहनों को खड़ा कर आवागमन बाधित कर देते हैं कई घंटे गायब रहते हैं जिसके कारण तेजगति से आ रहे छोटे बड़े वाहनों को चलने में कठिनाई होता है वहीं कुछ वाहनों अत्यं अधिक तेज गति होने के अनियंत्रित होकर खड़ी वाहन से टकराते हुए घायल या मृत्यु हो जाती है कई ऐसे भी ट्रक चालक हैं जो कि भारी वाहनों के चालक द्वारा वाहन को सड़क पर खड़ी करते हुए टायर के पिछले हिस्से में बड़े बड़े पत्थरों का ओट लगाते हैं और काम होने के बाद पत्थरों को बिना हटाए सड़क पर ही छोड़ कर चलें जातें हैं वहीं दूसरों के लिए खतरा बना रहता है। जिसको लेकर शासन प्रशासन से अपील है कि वैसे वाहन पर कड़ी कार्रवाई हो ठाकी सड़क दुघर्टना को होने कम किया जा सके।

# योग सप्ताह के अंतर्गत योगाभ्यास के कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

## योग प्रशिक्षकों द्वारा कराया गया योगाभ्यास,जनपद के समस्त ग्राम पंचायत व नगरीय निकायों में अधिकारियों/कर्मचारियों सहित जन सामान्य व मा. जनप्रतिनिधियों ने किया योगाभ्यास

अमेठी। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र के निर्देशन में जनपद अमेठी की समस्त ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों व प्रमुख स्थलों पर आज प्रातः 6:00 से 8:00 तक अधिकारियों, कर्मचारियों सहित जन सामान्य व मा. जनप्रतिनिधियों ने योगाभ्यास किया। बताते चलें कि शासन द्वारा दिनांक 15 से 21 जून तक योग सप्ताह मनाए जाने के निर्देश दिए हैं, जिसके क्रम में आज योगाभ्यास कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा इस बार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'हर घर आंगन योग' रखा गया है। उन्होंने समस्त जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा है कि योग सप्ताह के अंतर्गत प्रतिदिन योगाभ्यास करें एवं फोटो व वीडियो को आयुष कवच ऐप पर अपलोड करें। उन्होंने बताया कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी तहसीलों, नगर निकायों व विकास खंडों में योगाभ्यास के लिए योग प्रशिक्षकों की ड्यूटी लगाई गईं।



# जिलाधिकारी ने सिल्वर मेडल विजेता शाहरूख खान किया किया सम्मानित

प्रतापगढ़। साउथ कोरिया में आयोजित अण्डर-20 जूनियर एशिया गेम्स में तीन किमी स्टेपल चेस (एथलेटिक्स) 08 मिनट 51 सेकेण्ड में पूरा कर दूसरा स्थान हासिल करने वाले सिल्वर मेडल विजेता शाहरूख खान (निवासी हुड़हा संग्रामपुर) को जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव ने कैम्प कार्यालय के सभागार में अंगवस्त्रम् व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर क्रीड़ाधिकारी पूनमलता, क्रिकेट कोच आदित्य शुक्ला, कबड्डी कोच जय प्रकाश यादव व अन्य उपस्थित रहे। स्टेडियम परिसर में क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी विमला सिंह ने शाहरूख खान को सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया। वर्तमान समय में शाहरूख खान स्पोर्ट्स कालेज लखनऊ में अभ्यास कर रहा है और वहां का छात्र है। इसका चयन 2018 में स्पोर्ट्स कालेज लखनऊ में हुआ था। इसके पहले स्पोर्टस स्टेडियम प्रतापगढ़ में अभ्यास करता था।

# हत्या के प्रयास के अभियोग में 1 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

प्रतापगढ़।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद के थाना अन्तू के उ0नि0 राकेश चौरसिया मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान थाना अन्तू के मु0अ0सं0 199/2023 धारा 147, 148, 149, 307, 506 भादवि में वांछित अभियुक्त जय प्रकाश मिश्र पुत्र रामसमुझ मिश्र नि0ग्राम डुहिआ महमदापुर थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़ को मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र के शुक्लपुर चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः- जय प्रकाश मिश्र पुत्र रामसमुझ मिश्र नि0ग्राम डुहिआ महमदापुर थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़ ।पुलिस टीमः- उ0नि0 राकेश चौरसिया मय हमराह थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़।




# फर्मासिस्ट के भरोसे चल रहा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र

**आधुनिक समाचार सेवा**

डाला सोनभद्र ।- सोनभद्र का ऐसा चिकित्सा केंद्र जहां लगभग कई महीनों से डॉक्टर नही आते। जबकि धीरे-धीरे ग्रामीणों ने हास्पिटल से इलाज सम्बन्धित उम्मीदे त्यागने को मजबूर हो गए । चोपन थाना अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गुरमुरा इन दिनों जन सुविधाओ के नाम पर खानापूर्ति रह गयी । मरीज किस पर विश्वास करें । अक्सर नजदीकी झोला छाप पर विस्वास कर के जान जोखिम में डालना उनकी मजबूरी है। जानकारी के अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गुरमुरा में एलोपैथ, यूनानी, व आयुर्वेद तीनो पद्धति के डॉक्टर बैठते है । लेकिन उनमें से एलोपैथ के डॉक्टर फरवरी से गायब है । कोई बताने को तैयार नही है कि आखिर क्यों नही आते। वही यूनानी डॉक्टर सप्ताह में 3 दिन , तथा आयुर्वेद के डॉक्टर साहब की ड्यूटी अक्सर जिले पर लगी रहती है। ग्रामीण उम्मीद भी जता कर इलाज नही करा पाते । जहां सरकार गरीबो को इलाज के लिए सुविधाओ का भंडार भर रही है वही आदिवासी अंचलों में जिम्मेदार मात्र सैलरी लेना व कुर्सी तोड़ना जिम्मेदारी समझ रहे है। जब डॉक्टर ही हास्पिटल में नही है तो इलाज करेगा कौन। इस सम्बंध में हास्पिटल में मौजूद फैमासिस्ट ने बताया कि जब कोई मरीज यहां आता भी है तो हम उसकी दवा दे देते है और दिक्कते होने पर चोपन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को भेज देते है। जिम्मेदार का रता रटाया जबाब मिलता है जानकारी हुई है दिखवाता हु।




# ओम प्रकाश पांडेय पैरामेडिकल एंड साइंसेज में कार्यक्रम का आयोजन

**आधुनिक समाचार सेवा**

सोनभद्र । एसपी डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षार्थ महिला थाना पुलिस ने इमरती गाँव स्थित ओम प्रकाश पांडेय पैरामेडिकल एंड साइंसेज में कार्यक्रम का आयोजन कर छात्राओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक किया।

इस दौरान महिला थाना प्रभारी सरोजमा सिंह ने उपस्थित छात्राओं को यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया। उन्होंने बताया कि कभी भी आवश्यकता पडने पर सम्बन्धित थाना एण्टी रोमियों टीम व उ0प्र0 पुलिस द्वारा संचालित महिलाओं बालिकाओं छात्राओं हेतु चलाये जा रहे नम्बरों पर बेझिझक कॉल करना चाहिए। महिलाओं एवं बालिकाओं से वार्ता कर उनके अन्दर आत्मविश्वास को बढ़ाया गया एवं महिला अधिकारों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हैल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी बालिकाओं छात्राओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने और शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया।



# ब्लाक प्रमुख ने मेट्रो मेडिकल स्टोर का किया उद्घाटन

**आधुनिक समाचार सेवा**

सोनभद्र। रावटसगंज नगर स्थित पूरब मुहाल मस्जिद के समीप गुरुवार को मेट्रो मेडिकल स्टोर का

## रावटसगंज नगर स्थित पूरा मोहाल खुला मेडिकल स्टोर

मुख्य अतिथि सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया।

इस दौरान सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत ने बताया कि आम जनमानस के मेडिकल सेवा उपलब्ध होने पर काफी सहूलियत प्राप्त होगी वही वाडो के आसपास रह वासियों को भी इसका लाभ मिलेगा मेट्रो मेडिकल स्टोर एवं अंग्रेजी आयुर्वेदिक दवाइयों के माध्यम से लोगों की सेवा करने का काम किया जाएगा बेहतर से बेहतर दवाइयां आम जनमानस को उपलब्ध करा कर उनकी समस्याओं से निजात किया जाएगा जो दूरदराज बचने का काम करते थे एक ही छत के नीचे दवाइयां उपलब्ध होने पर काफी सहूलियत मिलेगी वहीं सदर ब्लाक प्रमुख ने बताया कि गांव देहात से ज्यादा दूर दवा इलाज के लिए भटकने वाले लोगों को भी मेडिकल स्टोर में संबंधित दवाइयां उपलब्ध होने पर बेहतर सुविधा मिलेगी वही गरीब असहाय व्यक्ति मिलने पर उनके सहायता अनुसार दवाइयां भी वितरित की जाएंगी जिससे कि उनको किसी प्रकार से कोई आज सुविधा उपलब्ध ना हो सके प्रोपराइटर नेहा वर्मा ध्रुव कांत द्विवेदी अजय कुमार गुप्ता धर्मपाल सिंह सनम खान रईस खान पिंटू रावत आदि लोग उपस्थित रहे।



# निशुल्क कोचिंग के लिए नये छात्र एव छात्राओ कि काउंसलिंग हुई

**आधुनिक समाचार सेवा**

सोनभद्र। जिला समाज कल्याण अधिकारी, सोनभद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि आकांक्षी जनपद सोनभद्र में दिनांक 13 जून, 2023 को एकलव्य जेईई/ नीट निःशुल्क कोचिंग सोनभद्र के नये छात्र/छात्राओं का काउन्सलिंग किया गया। काउन्सलिंग मे नीट के 212 छात्र/छात्राओं के सापेक्ष 70 बच्चे व जेईई के 98 छात्र/ छात्राओं के सापेक्ष 25 छात्र/छात्रा उपस्थित होकर अपना काउन्सलिंग कराये। काउन्सलिंग के उपरान्त पंचायत सभागार में मुख्य विकास अधिकारी एवं रिजेलेन्स के शिक्षक द्वारा बच्चों को मार्गदर्शन किया गया। नये बैच का शुभारम्भ दिनांक 16 जून,2023 को टोल प्लाजा के पास राजकीय पालिटेक्निक रोड पर नये भवन पर राज्यमंत्री समाज कल्याण संजीव कुमार गोडं व अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा किया जायेगा।



# थाना रायपुर पुलिस द्वारा 01 अदद अवैध तमंचा 12 बोर मय एक अदद जिन्दा कारतूस के साथ एक नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**आधुनिक समाचार सेवा**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के कुशल निर्देशन में अवैध शस्त्र की तस्करी व बिक्री के रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत व अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) व क्षेत्राधिकारी सदर के पर्वेक्षण व नेतृत्व में थाना रायपुर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर तेनुआ मोड़ तिराहा पास से अभियुक्त अर्जुन यादव पुत्र छोटेलाल यादव निवासी तेनुआ थाना रायपुर जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 20 वर्ष के कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस बरामद कर गिरफ्तार किया गया । बरामदगी एवं गिरफ्तारी के सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-38/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की गयी ।



**बरामदगी का विवरण** - 1. एक अदद अवैध तमंचा 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस ।

**गिरफ्तारी का विवरण-**
01. अर्जुन यादव पुत्र छोटेलाल यादव निवासी तेनुआ थाना रायपुर जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 20 वर्ष ।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम** 1. उ0नि0 शशिकान्त राय थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र । 2. हे0का0 बालकृष्ण, थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र । 3. हे0का0 विपिन यादव, थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र । 4. का0 युवराज यादव, थाना रायपुर जनपद सोनभद्र ।

# लक्ष्य पर भारी पड़े श्रीकांत,हार के साथ सिंधू का अभियान खत्म

जकार्ता। किदांबी श्रीकांत ने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए दो भारतीय खिलाड़ियों के मुकाबले में लक्ष्य सेन को सीधे गेम में हराकर गुरुवार को यहां इंडोनेशिया ओपन विश्व टूर सुपर 1000 बैडमिंटन स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू का अभियान हार के साथ खत्म हुआ। पुरुष एकल के अंतिम-16 मुकाबले में लक्ष्य ने श्रीकांत को कड़ी टक्कर दी लेकिन विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर रह चुके खिलाड़ी ने 45 मिनट तक चले मैच को 21-17 22-20 से अपने नाम किया। दोनों खिलाड़ियों के तीन मैचों श्रीकांत की यह तीसरी जीत है। दुनिया की 14वें नंबर की महिला एकल खिलाड़ी सिंधू दूसरे दौर के मैच में चीनी ताइपे की दुनिया की तीसरी रैंकिंग की




खिलाड़ी ताइ जू यिंग से 18-21 16-21 से हार गयी। सिंधू पिछली दो टूर्नामेंटों में शुरुआती दौर में बाहर हो गई थीं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ताइ जू के खिलाफ सिंधू को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा है। दोनों खिलाड़ियों के बीच खेले गये 24 मुकाबलों में चीनी ताइपे की खिलाड़ी ने 19 मैच अपने नाम किये हैं। सिंधू की हार के साथ ही महिला एकल वर्ग में भारतीय चुनौती समाप्त हो गयी।

## नीदरलैंड को हराकर क्रोएशिया ने नेशंस लीग फाइनल में बनायी जगह

रोटरडम। अनुभवी फुटबॉल खिलाड़ी लुका मोड्रिक ने अतिरिक्त समय में पेनल्टी पर गोल कर क्रोएशिया को नीदरलैंड पर 4-2 से रोमांचक जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इस सेमीफाइनल मैच में जीत के साथ ही क्रोएशिया ने नेशंस लीग फाइनल में जगह पक्की कर ली। नियमित समय में मैच 2-2 की बराबरी पर छूटा जिसके बाद अतिरिक्त समय के आठवें (98वें) मिनट में स्थानापन्न खिलाड़ी ब्रूनो पेटकोविच ने गोल कर टीम को बढ़त दिलायी। इससे पहले नीदरलैंड ने मैच के 34वें मिनट में डोनल मालेन के गोल से अपना खाता खोला लेकिन दूसरे हाफ में आंद्रेज क्रामरिच (55वें मिनट) और मारिया पसालिच (72वें मिनट) ने क्रोएशिा को बढ़त दिला ली। नियमित समय में मैच खत्म होने से दो मिनट पहले नोआ लांग के गोल से स्कोर 2-2 हो गया और मैच अतिरिक्त समय में खिंच गया। लीग के एक अन्य सेमीफाइनल में स्पेन का सामना इटली होगा।

## काश, हमारे यहां भी भारत जैसे सैन्य अधिकारी होते... जब भारतीय सेना के बर्ताव के कायल हो गए थे पाकिस्तानी

लाहौर (एजेंसी)। काश, पाकिस्तान में भी भारत जैसे सैन्य अधिकारी होते। 1971 में युद्ध में बंदी बने 90 हजार पाकिस्तानी सैनिकों में से ज्यादातर लोगों का ये कहना था। इन पाकिस्तानी सैनिकों और अफसरों ने भारतीय सेना के सामने आत्मसमर्पण किया था। इन सैनिकों को सेना की मध्य कमान की निगरानी में रखा गया था और इसके कमांडिग ऑफीसर (सीओ) लेफ्टिनेंट जनरल पीएस भगत थे। लेफ्टिनेंट जनरल पीएस भगत की स्मृति व्याख्यानमाला में बोलेत हुए 52 वर्ष पूर्व हुए युद्ध के बाद की स्थितियों के बारे में भारतीय सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने बात की। जरनल मनोज पांडे ने साल 1971 में भारत पाकिस्तान युद्ध का जिक्र किया। 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के बारे में बोलते हुए भारतीय सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारतीय सेना द्वारा पाक कैदियों के साथ कैसा व्यवहार किया जाता था। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी कैदियों ने



भारत में उनके साथ किए जाने वाले व्यवहार की केवल प्रशंसा की और अक्सर टिप्पणी की कि वे चाहते हैं कि उनके अपने अधिकारी भारतीय अधिकारियों की तरह हों। उन्होंने कहा कि 1971 में भारत पाकिस्तान की जंग के बाद 90- हजार युद्ध बंधक सेंट्रल कमांड के कैम्प्स में रका जाना था। इसके लिए फौरी तौर पर शेल्टर्स के निर्माण की जरूरत थी। मूलभूत जरूरतों को यथास्थान मुहैया करवाने की आवश्यकता थी। सुरक्षा जरूरतों को लेकर आश्वस्त करने की जरूरत थी। इन सबमें एक सामंजस्य की जरूरत थी। जनरल भगत ने ये सुनिश्चित किया कि युद्ध बंधकों को आधिकारिक तौर पर जो कुछ भी मिलना चाहिए, मसलन कैंटीन, पोस्टल सेवा और मेडिकल कवर उनके लिए उसी रूप में उपलब्ध हो, जैसे जेनेवा कंवेंशन में है।

# टियाफो, मुसेटी ने स्टगार्ट ओपन के क्वार्टरफाइनल में जगह बनायी




स्टटगार्ट। तीसरी वरीयता प्राप्त फ्रांसिस टियाफो ने स्टटगार्ट ओपन टेनिस के अंतिम-16 मैच में चेक गणराज्य के जिरी लेहेका को 7-6, 6-4 से शिकस्त देकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की जहां उनका सामना लोरेंजो मुसेटी से होगा। अमेरिकी खिलाड़ी टियाफो ने पहले सेट में 4-4 पर ब्रेक प्वाइंट बचाया और फिर टाईब्रेकर को अपने नाम किया। उन्होंने दूसरे सेट में दो और और अंक का बचाव कर मुकाबला जीत लिया। पच्चीस साल के टियाफो अगले दौर में छठी वरीयता प्राप्त मुसेटी का सामना करेंगे।

इटली के मुसेटी ने एक अन्य मैच में ग्रेगोइरे बैरेरे को 6-3, 6-3 हराया। विंबलडन के पूर्व सेमीफाइनलिस्ट हुबर्ट हुर्काज ने क्वालीफायर युसुके वतनुकी के खिलाफ मैच के दौरान अस्वस्थ महसूस करने के बावजूद 4-6, 7-6, 7-6 से जीत दर्ज की। हुर्काज के सामने क्वार्टर फाइनल में क्रिस्टोफर ओ कोनेल की चुनौती होगी। ऑस्ट्रेलिया के क्रिस्टोफर ने एक अन्य मैच में लोरेंजो सोनेगो को 7-6, 6-3 से शिकस्त दी।

# रायडू का बड़ा खुलासा, बताया आखिर क्यों वह नहीं बन पाए थे 2019 वर्ल्ड कप का हिस्सा

नई दिल्ली। अंबाती रायडू भारत के शानदार बल्लेबाज रहे हैं। आईपीएल में इस बार शानदार सफर के बाद उन्होंने क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया। लेकिन इसके साथ ही अब वह ऐसे कई खुलासे भी कर रहे हैं जिससे कि क्रिकेट की दुनिया में सनसनी मच सकती हैं। दरअसल, अंबाती रायडू 2019 के विश्व कप के लिए सबसे अहम खिलाड़ी माने जा रहे थे। लेकिन उनका टीम इंडिया में नहीं हुआ था। इसी के बाद वह काफी आक्रमक रहने लगे थे। अब इसी पर अंबाती रायडू ने बड़ा खुलासा किया है।

एक इंटरव्यू में अंबाती रायडू ने कहा कि बीसीसीआई ने मुझे 2019 वर्ल्ड कप के लिए पूरी तरीके से तैयार रहने के लिए कहा था और मुझे नंबर चार पर बल्लेबाजी



के लिए भी कहा गया था। लेकिन जब टीम का चयन हुआ तो अचानक मेरी जगह नंबर चार पर बल्लेबाजी के लिए किसी अन्य बैट्समैन को नहीं बल्कि एक ऑलराउंडर को चुना गया था। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि 2019 वर्ल्ड कप के लिए सिलेक्टर्स ने अपनी टीम चुनी थी या फिर एक लीग मैच के लिए। अगर 2019 वर्ल्ड कप में सिलेक्टर्स ने अजिंक्य रहाणे जैसे अनुभवी और सीनियर बल्लेबाज को मेरी जगह सिलेक्ट किया होता तो मुझे इतना दुख नहीं होता। लेकिन नंबर 4 के लिए उन्होंने एक ऑलराउंडर को सिलेक्ट किया था जिसकी वजह से मुझे गुस्सा आया था।

आपको बता दें कि 2019 के वर्ल्ड कप में भारत सेमीफाइनल तक पहुंचा था। बीसीसीआई की ओर से अचानक ही अंबाती रायडू को इग्नोर किया गया जिस पर कई सवाल उठे थे। जिसके बाद अंबाती रायडू ने अपने संन्यास का ऐलान भी कर दिया था। उनकी जगह ऑलराउंडर विजय शंकर को टीम में मौका दिया गया था। विजय शंकर को लेकर तब कहा गया था कि वह 33 खिलाड़ी है यानी की बॉलिंग, बैटिंग और फील्डिंग अच्छा करते हैं। इसलिए उन्हें टीम में महत्व दिया गया।

भारत के पूर्व कप्तान और कोच अनिल कुंबले ने कहा कि कप्तान विराट कोहली और कोच रवि शास्त्री के नेतृत्व वाले भारतीय टीम प्रबंधन ने इंग्लैंड में 2019 आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप में अंबाती रायडू को नहीं खिलाकर बहुत बड़ी गलती की थी। कुंबले का यह बयान तब आया है जब अंबाती रायुडू ने अपना छठा खिताब जीतकर अपने आईपीएल करियर का शानदार अंत किया। माना जाता है कि भारतीय क्रिकेट के बड़े बल्लेबाजों में से एक, रायुडू, अपने देश के साथ अपने करियर के मामले में उम्मीदों पर खरा नहीं उतर सके।

## सक्कारी, वेकिच को नॉटिंघम ओपन के दूसरे दौर में मिली शिकस्त

नॉटिंघम। शीर्ष वरीयता प्राप्त मारिया सक्कारी और पूर्व चैंपियन डोना वेकिच को नॉटिंघम ओपन टेनिस के अंतिम 16 दौर में उलटफेर का सामना करना पड़ा। सक्कारी को एलीज कोर्नेट ने 6-1, 6-4 से



हराया जबकि 2017 की चैम्पियन वेकिच को विक्टोरिजा गोलुबिच ने 6-4, 6-1 से शिकस्त दी। विंबलडन की तैयारियों से जोड़कर देखे जा रहे इस टूर्नामेंट में वरीयता प्राप्त एक और खिलाड़ी लिन झोउ को भी हार का सामना करना पड़ा। मेगडलेना फेच ने आठवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को 6-2, 6-4 से हराया। ब्रिटेन की हीथर वॉटसन ने तात्याना मारिया को 6-4, 6-4 से हराकर घरेलू प्रशंसकों को जश्न मनाने का मौका दिया। वह क्वार्टर फाइनल में गोलुबिच को चुनौती पेश करेंगी।

## पाकिस्तानी एजेंसियों ने किया टॉर्चर, कृष्ण ने मेरा हाथ थामा...इस्लाम छोड़ हिंदू बने शायन अली ने किया 'घर वापसी' का ऐलान

लाहौर। पाकिस्तानी अभिनेता और सोशल मीडिया इंफ्रूएंशर शायन अली ने घोषणा की कि उन्होंने इस्लाम छोड़ दिया है और हिंदू धर्म अपना लिया है। उन्होंने कहा कि जब पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियां उनका पीछा कर रही थीं और उन्हें देश छोड़ने के लिए मजबूर किया गया, तो भगवान कृष्ण ने उनका हाथ पकड़ लिया। शायन ने यह भी कहा कि वह जल्द ही भारत आने की योजना बना रहे हैं। ट्विटर पर शायन अली ने अपनी घर वापसी की घोषणा करते हुए लिखा कि पिछले 2 वर्षों से अपने पूर्वजों की संस्कृति और जीवन शैली को देखने के बाद आज मैं आधिकारिक तौर पर अपनी घर वापसी की घोषणा कर रहा हूं। अली ने इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस (इस्कॉन) को कभी हार न मानने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने याद किया कि कैसे 2019 में उन्हें पाकिस्तानी एजेंसियों द्वारा प्रताड़ित किया गया था, जिसके कारण उन्हें देश छोड़ना पड़ा था। शायन अली ने बताया कि वो डिप्रेशन की ओर बढ़ रहे थे और हार मानने की कगार पर थे तभी कृष्ण ने मेरा हाथ थाम लिया। अब अपने पूर्वजों को गौरवान्वित करने का समय आ गया है। शायन ने कहा कि वह जल्द ही अपनी मातृभूमि भारत की मिट्टी में विलीन हो जाएंगे जहां उनके पूर्वजों का जन्म हुआ था। मैं बहुत जल्द अपनी मातृभूमि का दौरा करूंगा, जहां मेरे दादा-दादी और मेरे सभी पूर्वज पैदा हुए थे। खुद को अपनी 'मिट्टी' और लोगों में मिला लेंगे, क्योंकि अंत में घर तो घर होता है। शायन अली ने कहा कि एक सनातनी होने के नाते मैं यह साफ कर देना चाहता हूं कि मैं किसी भी अन्य धर्म के खिलाफ नफरत का हिस्सा नहीं बनूंगा।



# लॉड्र्स में खेला जाएगा फाइनल,भारत के मैच

नई दिल्ली (एजेंसी)। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने नई विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 ??के लिए विस्तृत कार्यक्रम की घोषणा की है। ऑस्ट्रेलिया ने अपने प्रभावशाली डब्ल्यूटीसी चक्र को भारत पर जीत के साथ समाप्त

### आईसीसी ने वर्ल्ड ट्रेड सेंटर 2023-25 के कार्यक्रम की घोषणा की

किया। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का तीसरा संस्करण आधिकारिक तौर पर ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड के बीच शुक्रवार से शुरू होने वाली पांच मैचों की एशेज श्रृंखला के साथ शुरू होगा। चैंपियनशिप का आगामी संस्करण एशेज के साथ शुरू होगा और प्रतिष्ठित लॉर्ड्स में होने वाले फाइनल मुकाबले के साथ समाप्त होगा।

घ्ण्ण ने टेस्ट चक्र के लिए एक विस्तृत कार्यक्रम की घोषणा की है। घोषणा के अनुसार, दो वर्षों में 27 श्रृंखलाओं में 68 टेस्ट मैचों में नौ टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। टूर्नामेंट के तीसरे संस्करण में भाग लेने वाली टीमें ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और वेस्ट इंडीज हैं। इसके अलावा, प्रत्येक डब्ल्यूटीसी श्रृंखला में दो से पांच




टेस्ट मैच होंगे और नौ टीमों में से प्रत्येक टीमें छह श्रृंखलाएं खेलेगी। इनमें से तीन घर पर और तीन बाहर होंगे। विशेष रूप से, फाइनल दो शीर्ष टीमों के बीच लॉड्र्स में खेला जाएगा।

ऑस्ट्रेलिया घर से दूर इस चक्र में नौ मैच खेलेगी जिसमें न्यूजीलैंड और श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला शामिल है। घर में, वे कुल 10 टेस्ट के लिए भारत (पांच), पाकिस्तान (तीन) और वेस्टइंडीज (दो) के खिलाफ खेलंगे। भारत 2023-25 ??चक्र में 19 मैच खेलेगा। टेस्ट के लिए मेन इन ब्लू का प्रभार वेस्टइंडीज में दो मैचों की श्रृंखला के साथ शुरू होगा। इसके बाद भारतीय दिसंबर 2023 और जनवरी 2024 में दो मैचों की प्रतियोगिता के लिए दक्षिण अफ्रीका की यात्रा करेंगे। इसके बाद जनवरी और फरवरी 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की घरेलू श्रृंखला खेली जाएगी। भारत दो और तीन मैचों में बांग्लादेश और न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगा। मेन इन ब्लू की अंतिम श्रृंखला अक्टूबर/नवंबर 2024 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया में होगी।

भारत का वेस्टइंडीज दौरा 12-16 जुलाईः पहला टेस्ट - विंडसर पार्क, रोसो, डोमिनिका 20-24 जुलाईः दूसरा टेस्टः क्वींस पार्क ओवल, पोर्ट ऑफ स्पेन, त्रिनिदाद दक्षिण अफ्रीका का भारत दौरा 2023-24 दक्षिण अफ्रीका बनाम भारत - 2 टेस्ट - दिसंबर 2023 से जनवरी 2024 इंग्लैंड का भारत दौरा 2024 भारत बनाम इंग्लैंड - 5 टेस्ट - जनवरी/फरवरी 2024 भारत का बांग्लादेश दौरा 2024 भारत बनाम बांग्लादेश - 2 टेस्ट - सितंबर/अक्टूबर 2024 न्यूजीलैंड का भारत दौरा 2024 भारत बनाम न्यूजीलैंड - 3 टेस्ट - अक्टूबर/नवंबर 2024 भारत का ऑस्ट्रेलिया दौरा 2024-25 - बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी ऑस्ट्रेलिया बनाम भारत - 5 टेस्ट - नवंबर 2024 - जनवरी 2025।

## पीएम अमेरिका में अपने सामुदायिक संबोधन में प्रवासी भारतीयों की भूमिका का जिक्र करेंगे

वाशिंगटन। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले सप्ताह यहां भारतीय अमेरिकियों को संबोधित करने के दौरान भारत के विकास में प्रवासी भारतीयों की भूमिका पर बात करेंगे। कार्यक्रम की मेजबानी करने वाले एक सामुदायिक नेता ने यह जानकारी दी। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन के आमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी 21-24 जून तक अमेरिका की यात्रा करने वाले हैं। बाइडन दंपत्ति 22 जून को राजकीय रात्रिभोज में मोदी की मेजबानी करेंगे। इस यात्रा में 22 जून को कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करना भी शामिल है। अगले सप्ताह के कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए बुधवार को वाशिंगटन डीसी में रोनाल्ड रीगन बिल्डिंग स्थल पर मौजूद शिकागो के डॉ. भरत बरई ने कहा कि कार्यक्रम की सभी टिकटें बिक चुकी हैं, तथा सभी 838 सीटों के लिए पंजीकरण पूरा हो गया है। मोदी 23 जून को वाशिंगटन में रोनाल्ड रीगन बिल्डिंग एंड इंटरनेशनल ट्रेड सेंटर में देश भर से आमंत्रित समुदाय के नेताओं की सभा को संबोधित करेंगे। बरई ने कहा, ''विषय 'भारत की विकास गाथा में प्रवासी भारतीयों की भूमिका' है। हम देखना चाहते हैं कि एक प्रवासी के रूप में भारत और भारत के लोगों की मदद के वास्ते हम क्या कर सकते हैं।'' उन्होंने कहा, ''समुदाय के लोग ऐसे दूरदर्शी और निरंतर काम करने वाले व्यक्ति को लेकर बेहद उत्साहित हैं, जिन्होंने भारत को दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित किया है। इतना ही नहीं, उन्होंने भारत की प्रतिष्ठा को बढ़ाया है।'' शिकागो से अमिताभ मित्तल ने आधिकारिक राजकीय यात्रा पर मोदी को आमंत्रित करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा ''वह (मोदी) काम करने वाले व्यक्ति हैं। उन्होंने भारत में बड़ा बदलाव लाया। '' मित्तल ने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री अक्टूबर को ''हिंदू विरासत माह'' के तौर पर मनाने की घोषणा करेंगे। उन्होंने कहा ''पिछले दो साल में उनके दो बार पत्र मिले हैं लेकिन अब चूंकि वह स्वयं आ रहे हैं तो मैं उन्हें याद दिलाना चाहूंगा कि अक्टूबर माह को हिंदू विरासत माह के तौर पर मनाया जाए।



# पाक के सिंध प्रांत में 62,000 लोगों को हटा कर सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया

कराची। चक्रवात बिपारजॉय के बृहस्पतिवार को पाकिस्तान के तटीय क्षेत्रों में दस्तक देने से पहले देश के दक्षिणी सिंध प्रांत में लगभग 62,000 लोगों को उनके घरों से हटा कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। वर्तमान में ''बहुत गंभीर चक्रवाती तूफान'' में तब्दील हो चुका बिपारजॉय भारत और पाकिस्तान के करीब पहुंच रहा है, जिसकी वजह से अधिकारी जानमाल के संभावित नुकसान को कम करने के लिए एहतियाती कदम उठा रहे हैं। इसके सिंध के थट्टा जिले में केटी बंदर बंदरगाह और भारत के कच्छ जिले के बीच तट पर पहुंचने की उम्मीद है। सिंध के सूचना मंत्री शरजील मेमन ने संवाददाताओं को बताया कि सिंध के तटीय क्षेत्रों के निकटवर्ती इलाकों से लगभग 62,000 लोगों को हटा कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।

मेमन ने कहा, ''अब तक थट्टा, केटी बंदर, सुजावल, बादिन, उमेरकोट, थारपारकर, शहीद बेनजीराबाद, टंडो मुहम्मद खान, टंडो अल्लायार और संघार में रह रहे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।'' उन्होंने कहा कि इन लोगों को मजबूत इमारतों वाले सरकारी स्कूलों, कॉलेजों और सरकारी कार्यालयों में आश्रय दिया गया है और पर्याप्त भोजन, पानी और चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। मेमन ने कहा कि थट्टा, केटी बंदर और सुजावल के कई इलाकों में कुछ परिवार अपने घर छोड़ने के लिए तैयार नहीं थे, लेकिन सुरक्षा की दृष्टि से उन्हें वहां से जबरन हटाना पड़ा। उन्होंने कहा, ''ऐसे लोग भी हैं जो स्वेच्छा से सुरक्षित स्थानों पर चले गए थे।''

पाकिस्तान मौसम विज्ञान विभाग (पीडीएम) ने कहा है कि चक्रवात बिपारजॉय बृहस्पतिवार दोपहर या शाम को दस्तक देगा और अपने साथ भारी बारिश और तूफान लाएगा। चक्रवात के कारण कराची



और हैदराबाद जैसे शहरों में भारी बाढ़ आ सकती है। पीएमडी द्वारा जारी हालिया अलर्ट में कहा गया है कि चक्रवात कराची से लगभग 310 किलोमीटर दक्षिण, थाटा से 300 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिण पश्चिम और केटी बंदर से 240 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिण पश्चिम की दूरी पर है। सरकार ने एहतियात के तौर पर बलूचिस्तान प्रांत के हब और लासबेला जिलों और ग्वादर में भी कुछ जगहों से लोगों हटा कर सुरक्षित स्थानों पर भेजा है। ऊर्जा मंत्री खुर्रम दस्तगीर ने चक्रवात के कारण पाकिस्तान में आरएलएनजी (री-गैसीफाइड तरलीकृत प्राकृतिक गैस-आधारित) आपूर्ति बाधित होने से नागरिकों को ''आरएलएनजी-आधारित बिजली उत्पादन में अस्थायी कमी और लोड-शेडिंग में अस्थायी वृद्धि'' के बारे में सतर्क किया। मंत्री ने चेतावनी दी कि चक्रवात कराची के तटीय इलाकों और सिंध के अन्य हिस्सों में बिजली पारेषण प्रणाली को प्रभावित कर सकता है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल इनाम हैदर मलिक ने कहा कि बिपारजॉय उसी मार्ग पर अग्रसर है जिसके बारे में पीएमडी ने पूर्वानुमान जताया था। कराची में रक्षा आवास प्राधिकरण के एक प्रवक्ता ने भी कहा कि सीव्यू बीच के पास स्थित सीव्यू और दाराकशन आवास क्षेत्रों में रहने वाले लगभग 2,000 निवासी स्वेच्छा से अन्य सुरक्षित स्थानों पर चले गए हैं। सरकार नागरिकों को तटीय क्षेत्रों, समुद्र तटों से दूर रहने के लिए अलर्ट जारी कर रही है। मछली पकड़ने की गतिविधियों पर रोक लगा दी गई है और क्षेत्र के सभी बंदरगाहों को बंद कर दिया गया है। मलिक ने कहा, ''जोखिम खत्म होने तक सावधानी बरतनी होगी।'' रक्षा आवास प्राधिकरण (डीएचए) के प्रवक्ता फारुख रिजवी ने कहा कि स्थिति बिगड़ने और जरूरत पड़ने पर और अधिक लोगों की निकासी की जा सकती है तथा उन्हें सुरक्षित स्थानों पर भेजा जा सकता है। उन्होंने कहा कि सीव्यू और डीएचए तट के निकट के सभी रेस्तरां और मनोरंजन पार्क बंद कर दिए गए हैं। नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सीएए) ने कहा कि कराची का जिन्ना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा चालू है लेकिन खराब मौसम की स्थिति में हवाई अड्डे पर निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार सुरक्षा उपाय किए जाते हैं।

## सम्पादकीय

# चीता प्रॉजेक्ट पर सवाल

मध्य प्रदेश के कूनो नैशनल पार्क में मादा चीता ज्वाला के एक-एक कर तीन शावकों की मौत ने जहां वन्य जीव प्रेमियों को मायूस किया है, वहीं साउथ अफ्रीका से चीते लाकर भारत के जंगलों को आबाद करने के इस प्रॉजेक्ट को सवालों के घेरे में भी ला दिया है। इस महत्वाकांक्षी प्रॉजेक्ट के तहत नामीबिया से 20 चीते लाए गए थे और यहां आने के बाद 27 मार्च को ज्वाला ने चार शावकों को जन्म दिया था। लेकिन पिछले छह महीने में पहले तीन चीतों की मौत हुई और फिर तीन शावक भी जीवित नहीं रह सके। हालांकि विशेषज्ञों के मुताबिक, ऐसे प्रॉजेक्टों का मूल्यांकन करते हुए जल्दबाजी में निष्कर्ष निकालने से बचा जाना चाहिए। न तो एकाध चीतों का जन्म इन प्रॉजेक्टों की सफलता का सबूत होता है और न कुछ चीतों की मौत इनकी नाकामी का ऐलान। इसके बावजूद अगर इन मौतों ने जीव विज्ञानियों के बीच चिंता पैदा की है तो उसकी वजह इन मौतों के लिए जिम्मेदार बताए जा रहे कारकों में देखी जा रही है। मध्य प्रदेश वन विभाग के अधिकारियों ने मंगलवार को हुई इन मौतों का कारण गर्मी, कुपोषण और उपचार के प्रयासों पर इनका कोई रेस्पॉन्स न देना बताया है। क्या इसका मतलब यह है कि इन चीतों और शावकों के लिए यहां का मौसम और परिवेश अपेक्षा से कहीं ज्यादा प्रतिकूल साबित हो रहा है? जानकारों के मुताबिक, आम तौर पर संरक्षित क्षेत्र में चीते के शावकों का सरवाइवल रेट काफी अच्छा होता है। इस उम्र में शावकों के लिए सबसे पौष्टिक आहार मां का दूध होता है। करीब दो महीने की उम्र के ये शावक अगर कमजोर थे तो क्या इसका मतलब यह है कि उन्हें मां का पर्याप्त दूध नहीं मिल रहा था और अगर यह सच है तो क्या इसके पीछे कारण यह है कि मां में पर्याप्त दूध बन ही नहीं रहा था? इन सवालों के प्रामाणिक जवाब मिलने इसलिए भी मुश्किल हैं क्योंकि यह स्पष्ट नहीं है कि इन शावकों और मादा चीता पर कैसे और कितनी नजर रखी जा रही थी। विशेषज्ञों के मुताबिक, चीता शावकों के पालन-पोषण में इंसानी दखल एक सीमा से ज्यादा नहीं होना चाहिए क्योंकि इससे इनकी शिकार करने की क्षमता प्रभावित होती है। चूंकि इन्हें वन्य जीव के रूप में विकसित होना है, इसलिए इन्हें प्रतिकूलताओं से खुद जूझना और उनसे पार पाना सीखने देना बेहतर माना जाता है। बहरहाल, यह प्रॉजेक्ट शुरू हो चुका है, इसलिए जरूरी है कि हर छोटी-मोटी बात पर इसे कामयाब घोषित करने या नाकाम करार देने की प्रवृत्ति से बचा जाए। दीर्घकालिक नजरिया अपनाते हुए इस प्रयोग को सही ढंग से आगे बढ़ाया जाए तो इसकी कामयाबी ही नहीं, नाकामी से जुड़े पहलुओं के भी ऐसे महत्वपूर्ण सबक हो सकते हैं जो आगे दुनिया भर के जीव विज्ञानियों का मार्गदर्शन करें।

# रेल बजट का आम बजट में विलय होने से रेलवे की सेहत पर खास फर्क नहीं पड़ा है

ओडिशा के बालासोर में 2 जून की शाम को हुए भीषण ट्रेन हादसे में करीब तीन सौ लोग मारे गए हैं और एक हजार से भी ज्यादा घायल हुए हैं। इस हादसे में कोलकाता से चेन्नई जाने वाली कोरोमंडल एक्सप्रेस पटरी से उतर गई थी और इसी बीच यशवंतपुर-हावड़ा एक्सप्रेस वहां आ गई और कोरोमंडल से टकरा कर पलट गई। इस टक्कर के बाद कोरोमंडल एक्सप्रेस की मालगाड़ी से टक्कर हो गई, जिसमें ट्रेन का इंजन बोगी के ऊपर चढ़ गया। बालासोर के पास बाहानगा बाजार स्टेशन के नजदीक हुए हादसे में पहले कोरोमंडल एक्सप्रेस पटरी से उतरी और यह ट्रेन दूसरी तरफ से आ रही यशवंतपुर-हावड़ा एक्सप्रेस से टकरा गई, जिसके बाद कोरोमंडल एक्सप्रेस के कुछ डिब्बे पटरी से उतरे और उसी दौरान कोरोमंडल एक्सप्रेस एक मालगाड़ी से जा टकराई। यह रेल हादसा कितना भयानक था, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि रेल की पटरी सीधे ट्रेन के फर्श को चीरते हुए अंदर घुस गई और बोगी के आर-पार हो गई। भारत में आजादी के बाद हुए घातक ट्रेन हादसों में यह हादसा अत्यधिक भीषण हादसा है। इस दर्दनाक हादसे के बाद दुर्घटनास्थल पर किसी का हाथ कटा पड़ा था तो किसी का पैर, किसी का सिर तो किसी का धड़। रेल सुरक्षा आयुक्त (दक्षिण पूर्व सर्किल) ए.एम. चौधरी को इस रेल दुर्घटना की जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हालांकि प्रारंभिक संकेतों के अनुसार इस दुर्घटना के पीछे मानवीय चूक मानी जा रही है।

कहा जा रहा है कि देश में 16 महीने बाद कोई ऐसा रेल हादसा हुआ है, जिसमें लोगों की जान गई है। इससे पहले 14 जनवरी 2022 को पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में दोमोहानी के पास हुए हादसे में 9 लोगों की जान चली गई थी। तब बीकानेर से गुवाहाटी जा रही बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस की 12 बोगियां पटरी से उतर गई थी। हादसे के समय ट्रेन की गति कम थी, अन्यथा रेल तंत्र की लापरवाही के कारण वह दुर्घटना बहुत बड़ी हो सकती थी। उस समय कहा गया था कि वह हादसा 34 महीने बाद हुआ था। हालांकि वास्तव में



ऐसा है नहीं, रेल हादसे निरन्तर होते रहे हैं और लोग ऐसे हादसों की बलि चढ़ते रहे हैं। इसी साल 2 जनवरी को राजस्थान में पाली के नजदीक बांद्रा-जोधपुर सूर्यनगरी एक्सप्रेस के 13 डिब्बे बेपटरी हो गए थे, उस हादसे में 26 यात्री घायल हुए थे। 22 अप्रैल 2021 को लखनऊ-चण्डीगढ़ एक्सप्रेस ने बरेली-शाहजहांपुर के पास क्रॉसिंग पर कुछ वाहनों को टक्कर मार दी थी, जिसमें पांच लोगों की मौत हुई थी। उससे पहले 3 फरवरी 2019 को जोगबनी से दिल्ली जा रही सीमांचल एक्सप्रेस के 11 डिब्बे पटरी से उतरने से सात से अधिक यात्रियों की मौत हुई थी। ऐसे हादसों में हर बार हताहतों की चीखें खोखले रेल तंत्र की कमियों को उजागर करते हुए समूचे रेल तंत्र को कटघरे में खड़ा करती रही हैं लेकिन उसके बावजूद रेल हादसों पर लगाम नहीं कसी जा रही।

भारत का रेल तंत्र दुनिया के सबसे बड़े सार्वजनिक उपक्रमों में से एक है, जिसे आमजन के लिए जीवनदायी माना जाता है। भले ही देश में हवाई मार्ग और सड़क मार्गों का कितना भी विस्तार हो जाए, फिर भी देश की बहुत बड़ी आबादी यातायात के मामले में रेल नेटवर्क पर ही निर्भर है। रेलों के जरिये प्रतिदिन न केवल करोड़ों लोग यात्रा करते हैं बल्कि यह माल ढुलाई का भी सबसे बड़ा साधन है। इसके बावजूद इस विशालकाय तंत्र को चुस्त-दुरुस्त और सुरक्षित बनाने पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता और प्रायः इसी कारण रेल हादसे होते रहे हैं। इतने विशाल तंत्र को दुरुस्त रखने के लिए रेलवे को प्रतिवर्ष 20 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की जरूरत होती है लेकिन विशेषज्ञ इसके आवंटन को लेकर सवाल उठाते रहे हैं। केन्द्र सरकार द्वारा रेल तंत्र को मजबूत करने और आधुनिक जामा पहनाने के उद्देश्य से रेल बजट का आम बजट में ही विलय कर दिया गया था लेकिन अभी तक उससे भी कुछ खास हासिल होता नहीं दिखा। प्रतिवर्ष बजट पेश करते समय रेल पटरियों के सुधार, सुरक्षा उपकरणों को पुख्ता करने तथा रेल यात्रा को सुगम व सुरक्षित बनाने के दावे किए जाते हैं। ऐसे में सबसे महत्वपूर्ण सवाल यही है कि फिर भी रेल हादसों पर लगाम क्यों नहीं लग रही? एक तरफ हम देश में बुलेट ट्रेनें चलाने का दम भरते हैं लेकिन दूसरी ओर पहले से मौजूद विस्तृत रेल तंत्र की अव्यवस्थाओं को दूर करने में कोई विशेष दिलचस्पी नहीं दिखाते।

बहरहाल बार-बार होते रेल हादसों की बहुत लंबी फेहरिस्त है लेकिन चिंता की बात यही है कि ऐसे हर हादसे की जांच के लिए एक समिति का गठन होता है और फिर अगले हादसे के इंतजार में उस हादसे को भुला दिया जाता है। अभी तक हुए ऐसे तमाम हादसों की जांच का क्या निष्कर्ष निकला, कोई नहीं जानता। लालफीताशाही के चलते हादसों के बाद की जांच समितियों की सिफारिशों को ईमानदारी से लागू नहीं किया जाता। जब तक ऐसे हादसों की जांच के बाद सुरक्षा में लापरवाही बरतने वाले असल दोषियों की पहचान कर उन्हें दंडित करने के लिए कड़े कदम नहीं उठाए जाते, ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति होती रहेगी और हम ऐसी दुर्घटनाओं पर इसी प्रकार केवल शोक व्यक्त करते हुए संवेदना प्रकट करते रहेंगे।

# ऑनलाइन गेमों का फैलता जाल बच्चों के साथ ही महिलाओं को भी चपेट में ले रहा है

ऑनलाइन गेमिंग के प्रति बढ़ता शौक बेहद गंभीर होने के साथ ही अत्यंत चिंतनीय भी है। वैसे तो ऑनलाइन गेमिंग की ग्रोथ रेट यानी कि इसके प्रति लोगों का रुझान 12 प्रतिशत सालाना की दर से बढ़ रहा है। ऑनलाइन गेमिंग का कारोबार दिन दूनी रात चौगुनी गति से बढ़ रहा है। नित नए गेम मार्केट में आ रहे हैं तो दिन प्रतिदिन नए लोगों में इन गेमों की लत पड़ती जा रही है। बच्चे तो बच्चे अब तो महिलाएं भी पीछे नहीं हैं और लुमिकाई की हालिया रिपोर्ट के अनुसार ऑनलाइन गेमिंग में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ते-बढ़ते 43 फीसदी का आंकड़ा छू गई हैं। दरअसल ऑनलाइन गेमिंग से जहां बुद्धि कौशल विकास के फायदे बताए जा रहे हैं वहीं नुकसानों की गिनती की जाए तो वह कहीं ज्यादा है। यहां तक कि गेमिंग के चक्कर में कई बच्चे और युवा जिंदगी तक दांव पर लगा रहे हैं। यह वास्तव में चिंतनीय और गंभीर हो जाता है।

दरअसल 60 के दशक में जब रुडोल्फ हेनरिक बेयर ने ऑनलाइन गेमिंग की दिशा में कदम बढ़ाते हुए पहला गेम बनाया होगा तब शायद ही यह बात उनके जेहन में आई होगी कि कुछ ही समय में यह गेमिंग का सिलसिला इतना लोकप्रिय हो जाएगा कि पूरी तरह से बिजनेस का आकार ले लेगा। देखा जाए तो ऑनलाइन गेमिंग की सहज उपलब्धता ने भी इसे लोकप्रिय बना दिया। गेम कंसोल की बात करें तो प्लेस्टेशन, एक्सबॉक्स, निंटेंडों, पीसी, लेपटॉप, मोबाइल आदि में सहजता से खेलने की सुविधा होने से गेमों के प्रति लोगों की लोकप्रियता भी बढ़ी है। जानकारों का मानना है कि ऑनलाइन गेमिंग की दुनिया में आज कुछ सौ या हजार नहीं अपितु 8 लाख 31 हजार गेम प्रचलन में बताए जा रहे हैं।

इसके अलावा, ऑनलाइन गेमिंग से अवैध गतिविधियों को भी बढ़ावा मिला है। चिंता का विषय यह है कि अब तक ऑनलाइन गेमिंग के जाल में बच्चे और युवाओं को ही पिसते हुए देखा जा रहा था पर जिस तरह से महिलाएं भी इस जंजाल



में आती जा रही हैं वह और भी अधिक चिंतनीय हो जाता है। यदि हमारे देश की ही बात करें तो देश में करीब 50 करोड़ लोग इसकी जद में आ गए हैं। इनमें जहां 55 फीसदी पुरुष हैं तो महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ते बढ़ते 43 फीसदी हो गई है और केवल 2 प्रतिशत लोग ही अन्य हैं। हो सकता है यह अतिश्योक्ति पूर्ण आंकड़ा हो कि गत साल में महिलाओं की हिस्सेदारी दो गुनी रफ्तार से बढ़ी है पर इसमें कोई दो राय नहीं कि यह रफ्तार रही तेज ही है। दिक्कत यह है कि भले ही कुछ गेम मानसिक तनाव को कम करने या बुद्धि कौशल बढ़ाने में सहायक हों पर बहुत से गेम ऐसे भी हैं जो संवेदनशील बच्चों-युवाओं को मौत के मुंह में धकेल रहे हैं। कुछ गेम पूरी तरह से गैंबलिंग पर आधारित हैं और जानकारों की मानें तो इस तरह के गेमों में ठगी और छलावा भी तेजी से हो रहा है। एक तरह से इस तरह के गेम जुआ या लॉटरी जैसे ही हैं और ऐसे अनेक उदाहरण मिल जाएंगे जिसमें गेम जीतने वालों को विजेता स्वरूप जो राशि मिलने का सपना दिखाया जाता है वह मिलता ही नहीं और जीतने के बाद भी लोग अपने को ठगा महसूस करते हैं। कुछ गेमों में टास्क दर टास्क इस कदर हावी हो जाता है कि गेम खेलने वाले सब कुछ भूल कर उसी में खो जाते हैं। यहां तक कि ऐसे मामलों में मौत को गले लगाने के समाचार भी आम हैं।

ऑनलाइन गेमिंग में महिलाओं की बढ़ती हिस्सेदारी को लैंगिक असमानता के रूप में नहीं देखते हुए इससे होने वाले नुकसान या दुष्प्रभाव के आइने में देखना होगा। यह भी नहीं भूलना चाहिए कि बहुत सारे इस तरह के गेम भी बाजार में आ रहे हैं जो मन पर विपरीत प्रभाव डालते हुए मनोदशा को प्रभावित करते हैं। यहां तक कि आक्रोश, हिंसा, कुंठा, संवेदनहीनता और क्रूरता जैसी भावनाएं बढ़ाते हैं। देखा जाए तो यह एक तरह का नशा है और इस तरह का नशा कहीं ना कहीं मनोदशा को बुरी तरह से प्रभावित करता है। इसमें कोई दो राय नहीं कि कुछ गेम रिलेक्स कराने या बुद्धि कौशल बढ़ाने में सहायक हैं पर हिंसा, जुआ, तनाव बढ़ाने वाले टास्क आदि से जुड़े गेमों पर विचार किया जाना आवश्यक हो जाता है। देखा जाए तो जिस तरह से फिल्में आदि जूरी की जांच से गुजरती हैं ठीक उसी तरह से गेम को बाजार में आने से पहले उसके प्रभाव को देखा जाना चाहिए। इसके लिए नियामक संस्था होनी चाहिए जो उसके गुणावगुण को देख कर सर्टिफिकेट जारी कर सके। इसी तरह से ईनाम पर आधारित गेमों और उनको संचालित करने वाली संस्था पर भी नजर रखने वाली संस्था होनी चाहिए ताकि लोगों को ठगी से बचाया जा सके। दरअसल गेम बाजार में उतरे, उससे पहले नियामक संस्था को उसे जांचना परखना चाहिए ताकि उससे होने वाले संभावित दुष्प्रभाव से रोका जा सके। अब यह अतिआवश्यक हो गया है। अन्यथा जिस तरह से ग्रोथ देखी जा रही है उस गति से इसके दुष्प्रभाव की ग्रोथ भी अच्छी खासी देखने को मिलेगी।

# हर-हर गंगे, नमामि गंगे...मोदी ने इस तरह बदल दी जीवनदायिनी माँ गंगा की दशा

भारतीय संस्कृति में गंगा को मां का दर्जा दिया गया है। एक ऐसी मां, जो अपने बच्चों का भरपूर ख्याल रखती है। लेकिन, अगर मां ही स्वस्थ नहीं होगी, तो वह अपने बच्चों का ध्यान कैसे रख पाएगी। जीवनदायिनी मां गंगा के बिगड़ते स्वास्थ्य में, सबसे ज्यादा उसकी संतानों यानि हम इंसानों का ही सबसे बड़ा हाथ रहा है। हम अपने लालच और लापरवाही के चलते लगातार उसकी उपेक्षा करते गए और उसकी हालत बिगड़ती गई। लेकिन, 2014 में केंद्र में एक नई और सबसे मजबूत सरकार का गठन, सबको वर देने वाली मां गंगा के लिए स्वयं जैसे काशीपति भगवान शिव के वरदान की तरह रहा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी लोकसभा क्षेत्र से चुने जाने के तुरंत बाद, वाराणसी जाकर गंगा को प्रणाम करते हुए कहा, 'मां गंगा की सेवा करना मेरी नियति हैष्ठ' और मां गंगा को उनका खोया गौरव एवं मूल स्वरूप वापस लौटाने का संकल्प लिया। इसी प्रतिबद्धता को प्रधानमंत्री ने कुछ समय बाद फिर दोहराया। 2014 में, न्यूयॉर्क में मैडिसन स्क्वायर गार्डन में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने उन्हें गंगा नदी के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व के बारे में बताते हुए कहा था कि देश की 40इ आबादी गंगा नदी पर निर्भर है। अगर हम इसे साफ करने में सक्षम हो गए तो यह इस आबादी के लिए एक बड़ी मदद साबित होगी। अतः गंगा की सफाई एक आर्थिक एजेंडा भी है। प्रधानमंत्री जी का यह संकल्प 2014 में ही साकार होना शुरू हो गया, 'नमामि गंगे' नामक एक एकीकृत गंगा संरक्षण कार्यक्रम के रूप में। गंगा नदी के प्रदूषण को समाप्त करने और नदी को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य के साथ आरंभ होने वाले इस कार्यक्रम के लिए अगले पांच सालों के लिए निर्धारित बजट को चार गुना बढ़ाकर बीस हजार करोड़ रुपये कर दिया गया, ताकि इसमें किसी प्रकार की रुकावट न आए। सौ प्रतिशत केंद्रीय भागीदारी वाली इस कार्ययोजना को केंद्रीय मंत्रीमंडल ने भी अपनी मंजूरी दे दी। जून 2014 में केंद्र सरकार द्वारा फ्लैगशिप कार्यक्रम के रूप में अनुमोदित 'नमामि गंगे' कार्यक्रम जल संसाधन मंत्रालय, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग तथा जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत संचालित है। इसका क्रियान्वयन राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) और इसके राज्य कार्यक्रम प्रबंधन समूहों द्वारा किया जाता है। एनएमसीजी माननीय प्रधानमंत्री जी की अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय गंगा परिषद की कार्यान्वयन शाखा के रूप में कार्य करता है, जिसका गठन गंगा नदी के कायाकल्प, संरक्षण और प्रबंधन के उद्देश्य से किया गया था। इसके प्रमुख लक्ष्यों में मौजूदा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट को पूर्व अवस्था में लाना और सीवेज के प्रवाह की जांच के लिये रिवरफ्रंट के निकास बिंदुओं पर प्रदूषण को रोकने हेतु तत्काल अल्पकालिक कदम उठाना, सतही प्रवाह और भूजल को बढ़ाना व बनाए रखना, प्राकृतिक मौसम परिवर्तन में बदलाव के बिना जल प्रवाह की निरंतरता बनाए रखना, क्षेत्र की प्राकृतिक वनस्पतियों को पुनर्जीवन और उनका रखरखाव, गंगा नदी बेसिन की जलीय जैव विविधता के साथ-साथ तटवर्ती जैव विविधता का संरक्षण व उन्हें पुनर्जीवित करना और इस सब को हासिल करने के लिए नदी के संरक्षण, कायाकल्प और प्रबंधन की प्रक्रिया में जनता की भागीदारी सुनिश्चित करना शामिल हैं। इस दिशा में गंगा की सफाई, अपशिष्ट उपचार संयंत्रों की स्थापना तथा नदी की जैविक विविधता के संरक्षण के लिये वर्ष 2014 में लिए स्वच्छ गंगा कोष का गठन किया गया था। भौगोलिक दृष्टि से बहु-क्षेत्रीय और स्वभाव में बहु-आयामी गंगा संरक्षण की चुनौती से निपटने में बहुत से लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका को ध्यान में रखते हुए इस बात का खास ध्यान रखा गया है कि कार्ययोजना की तैयारी एवं इस पर अमल में सभी की सहभागिता हो और विभिन्न मंत्रालयों के बीच और केंद्र और राज्य में अच्छा समन्वय हो, ताकि हर स्तर पर निगरानी तंत्र को बेहतर बनाया जा सके। इसके लिए देश में विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किये गए हैं, जिनमें मानव संसाधन विकास मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय, रेल मंत्रालय, नौवहन मंत्रालय, पर्यटन मंत्रालय, आयुष मंत्रालय, पेट्रोलियम मंत्रालय, युवा मामले मंत्रालय और खेल, पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय व कृषि मंत्रालय आदि शामिल हैं।

परस्पर समन्वय और सामंजस्य के इसी विचार को सार्थक करते हुए भारत सरकार



का पर्यटन मंत्रालय गंगा के किनारे वाले क्षेत्रों में पर्यटन सर्किट के विकास के लिये एक विस्तृत और दीर्घकालिक योजना पर काम कर रहा है, तो कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय गंगा के तटवर्ती इलाकों में ऑर्गेनिक फार्मिंग और नेचुरल फार्मिंग कॉरिडोर के निर्माण की दिशा में प्रयास कर रहा है और जल उपयोग दक्षता में सुधार के साथ पर्यावरण हितैषी कृषि को बढ़ावा दे रहा है। इनके अलावा आवासन एवं शहरी मामले मंत्रालय स्वच्छ भारत मिशन 2.0 और अमृत 2.0 (कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिये अटल मिशन) के अंतर्गत शहरी नालों की मैपिंग तथा गंगा शहरों में ठोस और तरल कचरे के प्रबंधन पर विशेष ध्यान दे रहा है। इसी प्रकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भी गंगा बेल्ट में वनीकरण गतिविधियों और 'प्रोजेक्ट डॉल्फिन' को बढ़ावा देने की एक व्यापक योजना पर काम कर रहा है। समन्वय और सहभागिता को आगे बढ़ाते हुए इस कार्यक्रम में युवाओं और जनता को साथ लेकर गंगा नदी के संरक्षण और प्रदूषण मुक्ति की दिशा में योगदान के माध्यम से राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए परियोजना के अंतर्गत निर्धारित गतिविधियों के संपादन के लिए प्रशिक्षित और अत्यधिक प्रेरित स्थानीय युवाओं का कैडर विकसित करना, गंगा नदी के संरक्षण और इसके प्रदूषण को रोकने के लिए स्थानीय ग्रामीणों व युवाओं का सहयोग हासिल करना और इसका लाभ उठाना, परियोजना के विभिन्न स्तरों पर समर्थन, मार्गदर्शन, पारदर्शिता, निगरानी और ऑडिट के लिए एक संस्थागत तंत्र स्थापित करना, गंगा के प्रदूषण के दुष्प्रभावों को लेकर जागरूकता का प्रसार करना और संबंधित व्यक्तियों को इसे कम करने के तरीकों के बारे में शिक्षित करना, स्वच्छ गंगा के लिए जनसुविधाओं की उपलब्धता, जल संचयन, संरक्षण आदि से संबंधित सरकारी कार्यक्रमों, योजनाओं और सेवाओं के बारे में जानकारी प्रदान करना जैसे उपायों को अपनाया जा रहा है। कार्यक्रम को क्रियान्वयन की दृष्टि से तीन प्रकार की गतिविधियों में बांटा गया है। एक, ऐसी आरंभिक गतिविधियां, जिन्हें तुरंत लागू किया जा सके। दूसरी, ऐसी गतिविधियां, जिन्हें पांच सालों के भीतर लागू किया जाना है और तीसरी ऐसी गतिविधियां, जिन्हें दस साल के भीतर लागू किया जाना है। तुरंत लागू की जा सकने वाली गतिविधियों में जहां गंगा की ऊपरी सतह की स्वच्छता, इसमें बहते हुए सॉलिड वेस्ट की समस्या को हल करना, शौचालयों का निर्माण, ग्रामीण क्षेत्रों की स्वच्छता, ऐसे क्षेत्रों की नालियों से बहकर लिक्विड व सॉलिड वेस्ट का प्रबंधन, शवदाह गृहों का निर्माण, आधुनिकीकरण कर अधजले शवों को गंगा में बहाये जाने से रोकना, घाटों के निर्माण, मरम्मत और आधुनिकीकरण कर मनुष्य और नदियों के बीच आत्मीय संबंधों को प्रोत्साहन देना आदि शामिल हैं। वहीं, दूसरे प्रकार की यानि पांच सालों के भीतर लागू की जा सकने वाली गतिविधियों में, अतिरिक्त ट्रीटमेंट कैपेसिटी का निर्माण कर, नगर निकायों और औद्योगिक क्षेत्रों से गंगा में आने वाले अपशिष्ट की समस्या को हल करना जैसे लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं। नमामि गंगे मिशन के तहत उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान राज्यों में 48 सीवेज प्रबंधन परियोजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं और 98 सीवेज परियोजनाएं पूरी की जा चुकी हैं। औद्योगिक प्रदूषण की समस्या के समाधान के लिए कार्यक्रम में गंगा के किनारे स्थित अधिक मात्रा में प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों को कहा गया है कि गंदे पानी की मात्रा कम करें या इसे पूर्ण तरीके से समाप्त करें। साथ ही सभी उद्योगों को गंदे पानी के बहाव के लिए रियल टाइम ऑनलाइन निगरानी केंद्र स्थापित करने होंगे। दीर्घकालिक उपायों के अंतर्गत इस कार्यक्रम को बेहतर और टिकाऊ बनाने के लिए प्रमुख वित्तीय सुधार किये जा रहे हैं। परियोजना के सुचारू क्रियान्वयन के लिए पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर विचार किया जा रहा है, ताकि प्रयोग किये गए पानी के लिए एक बाजार बनाया जा सके और परिसंपत्तियों की दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित की जा सके। प्रथम दृष्टया, इस कार्यक्रम को देखने पर प्रतीत होता है कि यह सिर्फ गंगा नदी को प्रदूषण और अस्वच्छता से मुक्त कराकर उसे उसका पुराना वैभव और सौंदर्य लौटाने के उद्देश्य से तैयार किया गया कार्यक्रम है। लेकिन, अगर हम इसे गहराई से देखें, तो समझ में आएगा कि यह एक ऐसा दूरदर्शितापूर्ण और सुविचारित कार्यक्रम है, जिसके प्रभाव बहुत व्यापक होने वाले हैं। और यह सिर्फ एक नदी का ही नहीं, बल्कि पूरे देश का कायाकल्प करने वाला कार्यक्रम साबित होगा। इसीलिए सरकार अब स्वच्छता संबंधी प्रयासों के साथ-साथ गंगा नदी के संरक्षण, पर्यटन संबंधी सुधारों और आर्थिक विकास सुनिश्चित करने पर भी खासी तवज्जो दे रही है। 'अर्थ गंगा' और 'ग्राम गंगा' इस मिशन के ऐसे ही कुछ निहित कार्यक्रम हैं। दिसंबर, 2019 में सम्पन्न राष्ट्रीय गंगा परिषद की प्रथम बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अर्थ गंगा का विचार प्रस्तुत किया था, जिसका उद्देश्य गंगा से संबंधित आर्थिक गतिविधियों पर ध्यान देना और साथ ही साथ सतत् विकास का एक मॉडल विकसित करना है। अर्थ गंगा के अंतर्गत सरकार जिन छह कार्यक्षेत्रों पर काम कर रही है, उनमें नदी के दोनों और दस किमी तक रासायनिक मुक्त खेती और गोबर-धन योजना के माध्यम से खाद के रूप में गोबर को बढ़ावा देने वाली जीरो बजट प्राकृतिक खेती, कचरा और अपशिष्ट जल को उपचारित कर स्थानीय शहरी निकायों के लिये सिंचाई, उद्योगों तथा राजस्व सृजन हेतु जल का पुनः उपयोग करना, आजीविका के अवसरों का सृजन करना, नदी से जुड़े हितधारकों के बीच तालमेल के माध्यम से जनभागीदारी बढ़ाना, गंगा एवं उसके आसपास की पर्यटन को बढ़ावा देना व आदर्श उपयुक्त जल प्रशासन के लिये स्थानीय प्रशासन को मजबूती प्रदानकर संस्थागत विकास को बढ़ावा देना शामिल हैं। वहीं गंगा नदी के तट पर स्थित गांवों में सम्पूर्ण स्वच्छता सुनिश्चित करने के उद्देश्य को लेकर आरंभ ग्राम गंगा परियोजना के अंतर्गत, वर्ष 2017 में पांच गंगा राज्यों, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड व पश्चिम बंगाल, के लगभग साढ़े चार हजार गांवों को 'खुले में शौच से मुक्त गांव' घोषित किया गया और 24 ऐसे गांवों का चयन किया गया, जिन्हें एक वर्ष के भीतर गंगा ग्राम के रूप में परिवर्तित किया जाना था।

## संक्षिप्त समाचार

### तमिलनाडु सरकार ने राज्य में जांच के लिए सीबीआई को दी गई सहमति वापस ली

चेन्नई। तमिलनाडु सरकार ने राज्य में जांच करने के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को दी गई सहमति बुधवार को वापस ले ली। इसके साथ ही, यह दक्षिणी राज्य भी गैर-भाजपा शासित राज्यों की उस सूची में शामिल हो गया, जो पूर्व में ऐसा कर चुके हैं। राज्य के विद्युत और मद्यनिषेध एवं आबकारी मंत्री वी सेंथिल बालाजी को धनशोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार किये जाने के दिन यह कदम उठाया गया है। इसमें कहा गया, ''तमिलनाडु सरकार ने उक्त नियम के तहत 1989 और 1992 में कुछ तरह के मामलों में दी गई सहमति वापस लेने का आज आदेश जारी किया।

### पीएम मोदी ने नौ साल में विश्व स्तरीय बुनियादी अवसंरचना का निर्माण किया : अमित शाह

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के नौ साल के कार्यकाल में विश्व स्तरीय बुनियादी अवसंरचना का निर्माण कर विकसित भारत की नींव रखी है। शाह ने यह भी कहा कि सुस्त परियोजनाओं को पूरा करने से लेकर नयी परियोजनाओं को अभूतपूर्व तेजी के साथ लागू करने तक भारत 'गति और प्रगति' के नौ वर्षों में वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के नेता के रूप में उभरा है। उन्होंने ट्वीट किया, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने निर्बाध संपर्क सुनिश्चित करने में असाधारण प्रगति के साथ एक विकसित भारत की नींव रखी।'' प्रधानमंत्री मोदी ने नौ वर्षों में विकास को गति देने के लिए बुनियादी ढांचे के निर्माण में तेजी लाकर भारत को आगे बढ़ाया है।

### राजौरी और किश्तवाड़ में दो सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत, चार अन्य घायल

राजौरी/जम्मू। जम्मू-कश्मीर के राजौरी और किश्तवाड़ जिले में बृहस्पतिवार को दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई और चार अन्य लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि राजौरी जिले के बुढाल इलाके के तारगैन में एक कार के सुबह करीब साढ़े सात बजे सड़क से फिसलकर खाई में गिरने से दो महिलाओं शाहजहां (40) और शहनाज अख्तर (35) की मौत हो गई, जबकि 10 महीने की एक बच्ची सहित तीन लोग घायल हो गए।

# हिंसा की घटनाओं पर बोलीं ममता,इससे हमारी पार्टी का लेना-देना नहीं,विपक्षी दल गड़बड़ी पैदा कर रहे

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल जारी है। राज्य में कई जगह हिंसक झड़पें भी देखने को मिली हैं। हिंसा को लेकर विपक्षी दल जबरदस्त तरीके राज्य की ममता बनर्जी की सरकार पर हमलावर है। आज ममता ने साफ तौर पर कहा कि कुछ विपक्षी दल पंचायत चुनाव के नामांकन के दौरान गड़बड़ी पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं आज ही दक्षिण 24 परगना जिले के भांगर में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) के कार्यकर्ताओं के बीच तनाव देखा गया। इलाके में बम फेंके गए, जिसके बाद पुलिस ने अनियंत्रित स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। नामांकन के दौरान हुई हिंसा की घटनाओं पर पश्चिम बंगाल की



मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस पर अपना बयान दिया है। उन्होंने कहा कि इस्लामपुर और अन्य जगह जो समस्या हुई उसमें हमारी पार्टी की कोई भागीदारी नहीं है। जिन लोगों ने किया है उन्हें हमने टिकट नहीं दिया, उन्होंने हमसे टिकट मांगा लेकिन उनका रिकॉर्ड देखते हुए हमने उन्हें टिकट नहीं दिया। हमने साख देखकर टिकट दिया है, मैंने पुलिस को भी उनके खिलाफ सख्त एक्शन लेने को कहा है। ममता ने आरोप लगाया कि पंचायत चुनाव नामांकन के दौरान हुई हिंसा में माकपा, आईएसएफ संलिप्तगौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का आज आखिरी दिन है।

पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले में बृहस्पतिवार को पंचायत चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने जा रहे तीन व्यक्तियों को कथित तौर पर गोली मार दी गई, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के प्रदेश सचिव मोहम्मद सलीम ने दावा किया कि तीनों व्यक्ति वाम मोर्चा और कांग्रेस के समर्थक हैं।

## 'पूरे भारत में बंद कर देंगे फेसबुक' किस बात को लेकर कर्नाटक हाई कोर्ट ने जारी कर दी ये चेतावनी

नई दिल्ली। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक को चेतावनी दी है। एक भारतीय नागरिक के मामले की जांच के दौरान स्थानीय कानून प्रवर्तन के कथित गैर-अनुपालन के बाद भारत में सोशल मीडिया दिग्गज के संचालन को बंद करने के उपाय कर सकता है। न्यायमूर्ति कृष्ण एस दीक्षित की पीठ ने कर्नाटक के मंगलुरु की रहने वाली एक कविता द्वारा दायर याचिका पर चेतावनी जारी की। बेंच ने फेसबुक को निर्देश दिया, 'जरूरी जानकारी




के साथ पूरी रिपोर्ट कोर्ट के सामने एक हफ्ते में पेश की जानी चाहिए। अदालत ने यह भी मांग की कि केंद्र सरकार सऊदी में एक भारतीय नागरिक की अन्यायपूर्ण गिरफ्तारी के संबंध में अब तक की गई कार्रवाई के बारे में जानकारी प्रदान करे। हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार को सीलबंद रिकॉर्ड के आधार पर संबंधित नागरिक के आसपास की परिस्थितियों का खुलासा करते हुए एक बयान भी प्रस्तुत करने को कहा है। जिसमें यह भी शामिल है कि क्या उसे विदेशी धरती पर कानूनी सहायता प्रदान की गई थी और क्या मुकदमे की कार्यवाही अंतरराष्ट्रीय आपराधिक कानून द्वारा निर्धारित निष्पक्षता के मानकों का पालन करती है। मामला मंगलुरु के जेल में बंद भारतीय नागरिक शैलेश कुमार से संबंधित है, जिसे सऊदी राजा और इस्लाम को निशाना बनाने वाली एक कथित अपमानजनक फेसबुक पोस्ट पर गिरफ्तार किया गया था।

## दारुल उलूम का फरमान : अंग्रेजी या कोई दूसरी भाषा पढ़ी तो होगा निष्कासन

नई दिल्ली। दारुल उलूम देवबंद के शिक्षा विभाग ने एक आदेश जारी कर छात्रों को इस्लामिक मदरसा में पढ़ने के दौरान अंग्रेजी या कोई अन्य भाषा सीखने पर रोक लगा दी है। विभाग के प्रभारी मौलाना हुसैन हरिद्वारी द्वारा जारी नए आदेश में सख्ती से पालन पर जोर दिया गया है और पालन न करने पर निष्कासन की चेतावनी दी गई है। निर्देश के तहत, छात्रों को संस्थान में अपने पूरे कार्यकाल के दौरान अंग्रेजी सीखने पर रोक लगा दी गई है



आदेश में कहा गया कि कोई भी छात्र इस प्रतिबंध का उल्लंघन करता हुआ पाया गया, या गुप्त रूप से भाषा अध्ययन में संलग्न पाया गया, उसे संस्थान से निष्कासन का सामना करना पड़ेगा। इसके अलावा, छात्रों को कक्षाओं से अनुपस्थित पाए जाने या अपनी कक्षाओं के पूरा होने से पहले छोड़ने पर गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। प्रबंधन के फैसले की आलोचना करते हुए, एक छात्र ने नाम न छापने का अनुरोध करते हुए कहा कि जबकि हम स्वीकार करते हैं कि दारुल उलूम इस्लामिक अध्ययन के लिए समर्पित है, छात्रों को अंग्रेजी या किसी अन्य भाषा को सीखने से रोकना अनुचित लगता है।

बता दें कि दो दिन पहले मस्जिद रशीदिया में आयोजित इजलास में दारुल उलूम के सदर मुदर्रिस और जमीयत उलमा ए हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने इस मामले में छात्रों को नसीहत की थी। साफ कहा था कि मदरसा हमारा दीन है और हमारी दुनिया नहीं।

## केंद्र का अध्यादेश सत्ता हथियाने का 'निर्लज्ज' हथंकडा

### विपक्ष इसे राज्यसभा में हरा देगा: केजरीवाल

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सेवाओं पर नियंत्रण से संबंधित केंद्र सरकार के अध्यादेश को सत्ता हथियाने का हथकंडा करार देते हुए बुधवार को कहा कि यह उच्चतम न्यायालय में टिक नहीं पाएगा और एकजुट विपक्ष इसे राज्यसभा में गिरा सकता है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के महासचिव डी. राजा के साथ बैठक के बाद यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने व्यावहारिक रूप से पूरी दिल्ली सरकार को अपने कब्जे में ले लिया है। आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के अनुसार, जनता दल (यूनाइटेड), राष्ट्रीय जनता दल (राजद), तृणमूल कांग्रेस



(टीएमसी), शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा), भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस), द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक), समाजवादी पार्टी (सपा), झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के बाद भाकपा ने भी केंद्र सरकार के 'दिल्ली विरोधी काले कानून' के खिलाफ केजरीवाल के अभियान को अपना समर्थन दिया है। केजरीवाल यह सुनिश्चित करने के लिए विपक्षी नेताओं से मिलते रहे हैं कि संबंधित विधेयक राज्यसभा में पारित न हो। मुख्यमंत्री ने अध्यादेश को सत्ता हथियाने का 'निर्लज्ज' हथकंडा करार दिया और कहा कि इससे दिल्ली में तबाही मच जाएगी। उन्होंने दावा किया कि अध्यादेश ने उच्चतम न्यायालय की संविधान पीठ के फैसले को पलट दिया है। केजरीवाल ने कहा, 'अगर हम इस अध्यादेश को एक पंक्ति में सारांशित करें, तो यह होगा, 'अब से, अरविंद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री नहीं होंगे, दिल्ली के नए मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी होंगे और वे दिल्ली सरकार के बारे में सभी फैसले लेंगे। केजरीवाल ने कहा कि अध्यादेश न केवल दिल्ली के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए बहुत खतरनाक है।

## उपद्रवियों ने इंफाल घाटी में कई घरों में आगजनी की

मणिपुर। हिंसा का दौर लगातार जारी है। उपद्रवियों ने आज इंफाल घाटी में कई घरों में आगजनी की। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों और उपद्रवियों के बीच झड़प के बाद मणिपुर के इंफाल

### झड़प के बाद छोड़े गए आंसू गैस के गोले

शहर में आंसू गैस के गोले छोड़े गए। सेना और असम राइफल्स की इकाइयों ने विभिन्न स्थानों पर लगाए गए अवरोधों को हटाते हुए गश्त गतिविधियों में वृद्धि की है। भारतीय सेना के एक ट्वीट में कहा गया है, 'हिंसा में हालिया उछाल के बाद सेना और असम राइफल्स द्वारा बढ़ाया क्षेत्र प्रभुत्व अभियान चलाया जा रहा है।' हालांकि, स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है, हिंसा को शांत करने और शांतिपूर्ण वातावरण स्थापित करने के प्रयास चल रहे हैं। इस बीच, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि हिंसा प्रभावित मणिपुर में



स्थिति चिंताजनक है और उन्होंने भाजपा नीत केंद्र की आलोचना करते हुए कहा कि वह लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम नहीं उठा रही है। इससे पहले इंफाल पश्चिम जिले के लाम्फेल इलाके में बुधवार रात अज्ञात लोगों ने मणिपुर की महिला मंत्री नेमचा किपजेन के आधिकारिक आवास में आग लगा दी। गौरतलब है कि मणिपुर में अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मेइती समुदाय की मांग के विरोध में तीन मई को पर्वतीय जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च के आयोजन के बाद झड़पें हुई थीं। मणिपुर की 53 प्रतिशत आबादी मेइती समुदाय की है और ये मुख्य रूप से इंफाल घाटी में रहते हैं। आदिवासियों- नगा और कुकी की आबादी 40 प्रतिशत है और ये पर्वतीय जिलों में रहते हैं। मेइती और कुकी समुदाय के लोगों के बीच हुई जातीय हिंसा में 100 से अधिक लोगों की जान चली गई थी और 310 अन्य घायल हो गए थे। राज्य में शांति बहाल करने के लिए सेना और अर्धसैनिक बलों के जवानों को तैनात किया गया है।

### दो छात्राओं से 'छेड़छाड़' के आरोप में निजी स्कूल का शिक्षक गिरफ्तार

श्रीनगर। श्रीनगर में एक निजी स्कूल के शिक्षक को दो छात्राओं का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा जिले के गुरेज इलाके के मूल निवासी और वर्तमान में हैदरपोरा में रह रहे सतार बेग (42) को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने कहा कि रावलपोरा के होली फेथ स्कूल में अरबी पढ़ाने वाले बेग को स्कूल में चौथी और पांचवीं कक्षा की दो छात्राओं से छेड़छाड़ और यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## ईडी ने धन शोधन के मामले में एमउएम के दो प्रवर्तकों को गिरफ्तार किया

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पंचकूला स्थित विशेष अदालत के एक पूर्व न्यायाधीश के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के मामले से संबंधित धन शोधन के मामले में गुरुग्राम स्थित रियल्टी समूह एमउएम के निदेशक बसंत बंसल और पंकज बंसल को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। दोनों निदेशकों को एजेंसी ने बुधवार को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत हिरासत में लिया था। धन शोधन के जिस मामले में उन्हें गिरफ्तार किया गया है, वह अप्रैल में विशेष अदालत के पूर्व न्यायाधीश, उनके भतीजे और एमउएम समूह के तीसरे निदेशक रूप कुमार बंसल के खिलाफ हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की प्राथमिकी से संबंधित है। एसीबी की प्राथमिकी के




अनुसार, न्यायाधीश पर एमउएम समूह के निदेशकों और आईआरईओ नामक एक अन्य रियल इस्टेट समूह के खिलाफ ईडी और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के मामलों में पक्षपात का आरोप था। न्यायाधीश को बाद में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने निलंबित कर दिया था। एसीबी मामले में आरोपी सभी लोगों ने कुछ भी गलत करने से इनकार किया है। ईडी ने एक जून को आईआरईओ समूह और इसके प्रवर्तक ललित गोयल से जुड़े धन शोधन के एक अन्य मामले में एमउएम प्रवर्तकों और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ छापेमारी की। इसके बाद, एजेंसी ने रूप कुमार बंसल और दो अन्य निदेशकों बसंत बंसल और पंकज बंसल को गिरफ्तार किया। इस मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय से पांच जुलाई तक गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण प्रदान किया गया। हालांकि, ईडी ने अब उन्हें एसीबी से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया है।

## औरंगजेब की गर्दन पर राज का चाकू चल गया महाराष्ट्र में फिर दिखा 'ठाकरे' का लाउड अंदाज

मुम्बई (एजेंसी)। क्रूर शासक और आक्रांता औरंगजेब का मुद्दा महाराष्ट्र में शांत होता नहीं नजर आ रहा है। तीन नाबालिग लड़कों द्वारा औरंगजेब पर बनाई रील के बाद बढ़े बवाल में अभी कुछ ही दिन बीते थे कि एक बार फिर से औरंगजेब को लेकर चर्चा महाराष्ट्र की राजनीति में तेज हो गई है। अजान और लाउडस्पीकर को लेकर मोर्चा खोलने वाले राज ठाकरे एक बार फिर से लाइमलाइट में हैं। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे का बीते दिनों यानी 14 जून को जन्मदिन था। इस अवसर पर जो केक आया उसमें औरंगजेब की तस्वीर बनी थी। राज ठाकरे ने छुरी लेते हुए केक पर बने औरंगजेब का गला काट दिया। राज ठाकरे ने अपने 55वें जन्मदिन पर अनोखा केक काटा। इस केक पर एक तरफ मुगल बादशाहऔरंगजेब तो दूसरी तरफ लाउडस्पीकर की तस्वीर थी। मनसे



सुप्रीम के जन्मदिन पर उनके समर्थक महाराष्ट्र के रायगढ से ये केक लेकर आए थे। समर्थकों के पहुंचने पर राज ठाकरे ने अपने हाथ में चाकू लिया और औरंगजेब की तस्वीर वाले केक को गले की तरफ से काट दिया। इस दौरान वहां मौजूद उनके समर्थक तालियां बजाते रहे। इसके बाद ठाकरे ने केक का दूसरा हिस्सा भी काटा जिस पर क्रॉस शेप में लाउड स्पीकर बने हुए थे। कोल्हापुर का छत्रपति शिवाजी महाराज चौक, वक्त सुबह के 10 बजे देखते ही देखते हिन्दू संगठनों का औरंगजेब के खिलाफ सबसे बड़ा विरोध प्रदर्शन देखने को मिला। हालात बेकाबू होता देख पुलिस को बल प्रयोग भी करना पड़ा। प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस से छोड़ने के साथ ही लाठीचार्ज भी किया गया। महाराष्ट्र में लाउडस्पीकर पर अजान की वजह से कई बार बवाल मच चुका है। 7 जून को कोल्हापुर में छत्रपति शिवाजी महाराज के समर्थन में रैली निकाल कर औरंगजेब का महिमामंडन करने वालों का विरोध किया गया था।

### लंदन में भारतीय उच्चायोग पर हमला करने वाले 45 खालिस्तानियों की तस्वीरें जारी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 19 मार्च को लंदन में भारतीय उच्चायोग पर हुए हमले में शामिल 45 व्यक्तियों की तस्वीरें जारी कीं और इन अपराधियों की पहचान करने में जनता की सहायता का अनुरोध किया। एनआईए की तरफ से एक लुकआउट नोटिस जारी किया गया है और 45 लोगों की तस्वीरें जारी की गई हैं, जो इस साल मार्च में लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग में तोड़फोड़ करने और भारतीय राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने के लिए जिम्मेदार थे। एनआईए के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से किए गए ट्विट में लिखा है कि पहचान/सूचना के लिए अनुरोध 19.03.23 को ये लोग भारतीय उच्चायोग, लंदन पर हमले में शामिल थे।

## विधि आयोग ने धार्मिक संगठनों से महीने भर में मांगे विचार

### समान नागरिक संहिता को लेकर बढ़ी सक्रियता

नई दिल्ली।भारत के विधि आयोग ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर राय और टिप्पणियां मांगने के लिए एक सार्वजनिक नोटिस जारी किया। यह 21वें विधि आयोग द्वारा अगस्त 2018 में इसी मुद्दे पर एक परामर्श पत्र जारी करने के बाद से पांच साल के अंतराल के बाद आया है। नई अधिसूचना में कहा गया है कि इस विषय की प्रासंगिकता और महत्व के साथ-साथ इससे संबंधित अदालती आदेशों को देखते हुए, भारत के 22वें विधि आयोग ने इस विषय पर फिर से विचार करना आवश्यक समझा। इसी से बडा सवाल उठने लगा है कि क्या केंद्र की ओर से समान नागरिक संहिता को लेकर अपनी सक्रियता बढ़ा दी गई है। विधि आयोग ने बताया है उसने राजनीतिक रूप से संवेदनशील मुद्दा 'समान नागरिक संहिता' (यूसीसी) पर लोगों तथा मान्यता प्राप्त धार्मिक संगठनों के सदस्यों सहित विभिन्न हितधारकों के विचार आमंत्रित कर नये सिरे से परामर्श की प्रक्रिया शुरू कर दी। इससे पहले, 21वें विधि आयोग ने मुद्दे की पड़ताल की थी और समान नागरिक संहिता पर दो मौकों पर सभी हितधारकों के विचार मांगे थे। उसका कार्यकाल अगस्त 2018 में समाप्त हो गया था। 22वें विधि आयोग को हाल में तीन साल का कार्य विस्तार दिया गया है। इसने कानून एवं न्याय मंत्रालय द्वारा एक पत्र भेजे जाने के बाद समान नागरिक संहिता से जुड़े विषयों की पड़ताल शुरू कर दी है। नोटिस में कहा गया है, ''बाइसवें विधि आयोग ने एक बार फिर समान नागरिक संहिता पर व्यापक स्तर पर लोगों और मान्यताप्राप्त धार्मिक संगठनों के विचार मांगने का फैसला किया है।'' इसमें रुचि रखने वाले इच्छुक लोग व संगठन नोटिस जारी होने की तारीख की 30 दिन की अवधि के अंदर विधि आयोग को अपने विचार दे सकते हैं। नोटिस में कहा गया है कि जरूरत पड़ने पर आयोग व्यक्तिगत सुनवाई या चर्चा के लिए किसी व्यक्ति या संगठन को बुला सकता है। समान नागरिक संहिता का मतलब देश के सभी नागरिकों के लिए एक साझा कानून से है, जो धर्म पर आधारित न हो। समान नागरिक संहिता लागू करना भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनाव घोषणापत्रों में प्रमुखता से शामिल रहा है। उत्तराखंड जैसे राज्य अपनी समान नागरिक संहिता तैयार करने की प्रक्रिया में जुटे हुए हैं। वहीं, भाजपा ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करने का वादा किया था।

समान नागरिक संहिता चुनावों के लिए भाजपा के घोषणापत्र का हिस्सा रहा है।

## अन्ना हजारे का जन्मदिनः फौलादी विचारों वाले 'दूसरे गांधी' हैं अन्ना हजारे, उनकी जिंदगी से जुड़े कुछ इंट्रेस्टिंग फैक्ट्स

नई दिल्ली। महाराष्ट्र के अहमद नगर के भिंगर कस्बे में 15 जून 1938 को अन्ना हजारे का जन्म हुआ था। उनका बचपन काफी गरीबी में बीता। अन्ना हजारे के पिता मजदूर और उनके दादाजी फौज में थे। अपने छह भाई बहनों में अन्ना हजारे सबसे बड़े थे। अन्ना हजारे के भाई-बहन आर्थिक गरीबी के कारण शिक्षा नहीं प्राप्त कर सके। हालांकि एक रिश्तेदार ने अन्ना हजारे की पढ़ाई का खर्चा उठाया। इस दौरान वह पढ़ाई के लिए मुंबई आ गए। लेकिन कुछ समय बाद उनके रिश्तेदार ने भी अपने हाथ खींच लिए। इस वजह से अन्ना हजारे सिर्फ सातवीं कक्षा तक पढ़ सके।

पढ़ाई छूटने के बाद वह मुंबई के दादर रेलवे स्टेशन पर फूलों की बिक्री का काम करने लगे। वहीं 60 के दशक के आसपास वह भी अपने दादा की तरह फौज में भर्ती हो गए। इस दौरान उन्होंने बतौर ड्राइवर फौज में अपनी सेवा दी। इंडो पाक युद्ध के दौरान गाड़ी चलाते हुए अन्ना पाकिस्तानी हमले से बाल-बाल बचे थे। फौज की नौकरी के दौरान अन्ना हजारे ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से विवेकानंद की किताब कॉल टू द यूथ फॉर नेशन पढ़ने के लिए खरीदी। इस किताब को पढ़ने के बाद उन्की पूरी जिंदगी बदल गई। अन्ना हजारे ने अपनी जिंदगी समाज को समर्पित करने की ठान ली। इस दौरान उन्होंने महात्मा गांधी और विनोबा भावे को भी पढ़ा। इन महापुरुषों के जीवन का अन्ना हजारे पर काफी गहरा असर हुआ। इसके बाद साल 1970 में उन्होंने आजावीन विवाह न करने का फैसला ले लिया।

वहीं साल 1975 में अन्ना हजारे



ने फौज की नौकरी से वालंटरी रिटायरमेंट ले लिया। इसके बाद वह अपने गांव चले गए। क्योंकि अन्ना का मानना था कि देश की असली ताकत गांवों में होती है। इसलिए उन्होंने गांवों के विकास के लिए मोर्चा शुरू कर दिया। बता दें कि अन्ना ने अपनी पुश्तैनी जमीन बच्चों के हॉस्टल के लिए दे दी है। इसके बाद साल 1975 में उन्होंने सूखा प्रभावित रालेगांव सिद्धि में काम शुरू किया। उन्होंने अपने कार्यों के जरिए वर्षा जल संग्रह, सौर ऊर्जा, बायो गैस का प्रयोग और पवन ऊर्जा का इस्तेमाल कर गांव को स्वावलंबी बनाने का काम किया। विश्व के अन्य समुदाय के गांवों के लिए यह गांव आदर्श बन गया। वहीं साल 1998 में अन्ना हजारे चर्चाओं में आ गए। जब उन्होंने भाजपा और शिवसेना वाली सरकार के दो नेताओं पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए उनकी गिरफ्तारी की मांग करने लगे थे। इसके बाद साल 2005 में उन्होंने कांग्रेस सरकार के चार भ्रष्ट नेताओं के खिलाफ आवाज उठाई। बता दें कि अन्ना हजारे की आंदोलन करने की कार्यशैली बिलकुल महात्मा गांधी की तरह है। महात्मा गांधी की तरह की अन्ना हजारे भी शांत रहकर भ्रष्टाचारियों पर जोरदार प्रहार करते हैं। 5 अप्रैल 2011 को समाजसेवी अन्ना हजारे एवं उनके साथियों ने जन लोकपाल विधेयक (नागरिक लोकपाल विधेयक) के निर्माण के लिए दिल्ली के जंतर-मंतर पर अनशन आंदोलन के साथ शुरू किया। इस दौरान उनके समर्थन में वर्तमान दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाद, किरण बेदी, प्रशांत भूषण आदि शामिल हुए थे। देखते ही देखते यह आंदोलन पूरे देश में फैल गया। वहीं इस आंदोलन व अन्ना हजारे के समर्थन में बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतरने लगे।

# कैटरीना कैफ ने किया अपने पिछले रिलेशनशिप का खुलासा, कहा 'मुझे कोई अफसोस नहीं है'



मुम्बई। बॉलीवुड एक्ट्रेस कैटरीना कैफ का कहना है कि उनकी जिंदगी में एक ऐसा भी दौर था जब काम की जगह उनका ध्यान अन्य चीजों पर था हालांकि उन्हें अब इसका कोई पछतावा नहीं है। एक बयान में कहा गया कि 'बीएफएफ विद वोग-सीजन 3' में अनाइता श्रॉफ अदजानिया के साथ आई कैटरीना ने अपने विचारों का खुलकर जिक्र किया। कैटरीना ने कहा, 'मेरी जिंदगी में एक ऐसा भी दौर आया जब काम से ज्यादा किसी और चीज पर मेरा मन लगता था। मेरा पूरा ध्यान अपने रिलेशनशिप पर था और मैं खुश थी। मुझे इस बात का कोई अफसोस नहीं है।' कैटरीना ने यह भी कहा कि इसके बाद मेरी जिंदगी में बदलाव आया। मैं काम और किरदारों को लेकर ज्यादा सोचने लगी। मुझे लगता है कि मैंने काफी मेहनत की है। उन्होंने यह भी कहा कि 'राजनीति', 'जिंदगी न मिलेगी दोबारा' और 'न्यूयॉर्क' में मैंने काफी अलग तरह का काम किया है और जिसमें मैं भिनन्‍ भूमिकाओं में नजर आई। मुझे ये सारी फिल्में पसंद है। कैटरीना, सार्वजनिक स्थानों पर अपने रिश्ते को लेकर खुलकर बात करने से अकसर बचती आई हैं। कथिततौर पर, पहले वह अभिनेता रणबीर कपूर के साथ रिश्ते में थीं। दोनों के बीच संबंध दो साल तक रहा और साल की शुरुआत में ये दोनों अलग हो गए।

## इस बार अमिताभ बच्चन के गाने पर डब्बू अंकल ने किया डांस

मुम्बई। सोशल मीडिया पर डब्बू अंकल के नाम से धमाल मचाने वाले संजीव श्रीवास्तव करीब 1 साल बाद फिर लौट आए हैं। अपने पहले ही डांस वीडियो से आम लोगों से लेकर सेलिब्रिटीज तक को अपना दीवाना बनाने वाले डब्बू अंकल का वीडियो एक बार फिर धमाल मचा रहा है, लेकिन खास बात यह है कि इस बार वह उनके पसंदीदा गोविंदा नहीं बल्कि अमिताभ बच्चन के गाने 'खइके पान बनारस बाला' पर थिरकते नजर आ रहे है। वहीं, उनका यह वीडियो लोगों को भी काफी पसंद आ रहा है। यूट्यूब पर यह वीडियो 4 दिन में ही 5 लाख से ज्यादा बार देखा जा चुका है। बता दें, डब्बू अंकल का पहला वीडियो 'खुदगर्ज' के गाने 'मय से मीना से ना साकी से' पर आया था। जिसे लोगों ने खूब पसंद किया था। इस वीडियो के बाद वह इतने फेमस हो गए कि आम लोगों के साथ ही बड़े-बड़े सेलिब्रिटी भी उनके फैन हो गए।

# डिप्रेशन और नकारात्मक सोच है अनिद्रा का कारण

ब्रेन में कई तरह की परेशानी के साथ मानसिक विकार होने का डर भी होता है। ऐसे में नींद पूरी करना जरूरी है। वैसे समय यानी उम्र के साथ नींद न आने के लक्षण और नींद की जरूरतें भी बदलती हैं। बेहतर है कि समय पर सोने और जगने की आदत डालें। तनाव जैसी चीज से दूर रहने का प्रयास करें। अनिद्रा को दो श्रेणियों में बांटा गया है। अगर हफ्ते या दो हफ्ते से यह शिकायत हो रही है तो इसे शार्ट टर्म इनसोम्निया या ट्रांजिट इनसोम्निया कहते हैं। शिकायत महीनों पुरानी होती है, तब इसमें क्रॉनिक इनसोम्निया कहते हैं।

**किसको कितनी नींद जरूरी** : नवजात बच्चों के लिए 15 घंटे - एक साल के बच्चे के लिए 12घंटे - प्ले ग्रुप (1 से 3 साल) के लिए 10 घंटे -किशोर बच्चों के लिए 8 से 10 घंटे वयस्क के लिए 8 घंटे नींद पूरी करने के लिए क्या करें: अपने सोने और जगने का समय तय करें और उसका पालन करें। नींद पूरी होने में कमी लगे तो दिन के समय झपकी लेना फायदेमंद साबित होता है, इससे ब्रेन



के साथ हार्ट व जरूरी अंगों को आराम मिल जाता है। रात के समय टीवी, कंप्यूटर या मोबाइल जैसे गजेटस से दूर रहें। व्यायाम करना जरूरी है, इससे शरीर थकान महसूस करता है और नींद अच्छी आती है। समय से पहले जबरन उठने की कोशिश न करें। शराब जैसी चीजों से दूर रहने का प्रयास करें। खाने के एक घंटे बाद बेड पर जाएं, उसके पहले थोड़ा टहल लें।

# भूरी और नीली रंग की कातिल निगाहों वाली वायरल हो रही है करिश्मा-करीना की एक पुरानी तस्वीर

नई दिल्ली। बॉलीवुड की लोलो और बेबो की जोड़ी काफी मशहूर हैं। बॉलीवुड में बहुत कम सेलेब्स हैं जिन्हें अपनी सगी बहनों के साथ में एंजोय करते हुए देखा गया हैं लेकिन कपूर खानदान का गर्ल्स गैंग काफी मशहूर हैं। करीना कपूर और करिश्मा कपूर को अधिकतर पार्टी इवेंट में साथ देखा जाता हैं। सलमान खान के ब्रांड बीइंग ह्यूमन की लॉन्चिंग के दौरान की करिश्मा कपूर और करीना कपूर की एक तस्वीर वायरल हो रही हैं। ये तस्वीर 2007 की हैं। तस्वीर को फिल्मीज्ञान ने अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया हैं। तस्वीर में करिश्मा कपूर और करीना कपूर साथ खड़ी हुई हैं और दोनों ने सलमान खान के ब्रांड बीइंग ह्यूमन की कट



स्लीव टी-शर्ट पहनी हुई हैं। करिश्मा कपूर ने सी ग्रीक कलर की टी-शर्ट पहनी हुई है और आंखों में ब्लू कलर के लेंस लगाए हुए हैं। करिश्मा की नीली आंखें तो बॉलीवुड में काफी फैमस हैं। वहीं करीना ने ब्लू कलर की टी-शर्ट पहनी हुई हैं। बालों को खोला हुआ हैं और आखों में उन्होंने भूरे रंग के लैंस का इस्तेमान किया हुआ हैं। आपको बता दें कि सलमान खान ने जब 2007 में बीइंग ह्यूमन को लॉन्च किया था तो बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस इस इवेंट में पहुंची थी जिसमें से करिश्मा और करीना भी थी। हाल ही में करिश्मा कपूर ने पर्दे पर लंबे समय बाद वापसी की है। करिश्मा कपूर ने इस बार डिजिटल डेब्यू किया है। वह जी5 पर रिलीज हुई मेंटलहुड में लीड रोल में थी।

# ब्यूटी सीक्रेट्स से मिलेगी नयी पहचान

हर स्मार्ट लड़की हमेशा चमकते और दमकते रहना चाहती है। जाहिर है, आप भी चाहती होंगी। यहां ब्यूटी एक्सपर्ट सुषमा खान बता रही हैं ऐसे ही उपयोगी ब्यूटी सीक्रेटस, जो आपको देंगे एक नई पहचान। **1. काजल और लिपलाइनर हमेशा लगाना :** आपका ब्वॉयफ्रेंड अचानक आपको कॉफी का ऑफर दे सकता है या एक ही घंटे में आपको इंटरव्यू के लिए जाना पड़ सकता है। इसलिए काजल और लिपलाइनर का इस्तेमाल जरूर करें। सुषमा के मुताबिक काजल भारतीय स्त्री की खूबसूरती में हमेशा ही चार चांद लगाता है। यह आंखों का आकर्षण बढ़ाने का आसान तरीका है। इसी तरह लिपलाइनर भी लगाना जरूरी होता है, क्योंकि यह लंबे समय तक टिकता है और फैलता भी नहीं है। अगर आप अपनी पसंदीदा लिपस्टिक लगा रही हैं तो साथ में लिपलाइनर लगाना न भूलें। **इसे आजमाएं : मैक स्मोल्डर इंटेंस ब्लैक आई कोल, शैंबूर लिप टैटू लाइनर 2. सनस्क्रीन जरूर लगाना** :यह बहुत महत्वपूर्ण है। यह सौंदर्य बढ़ाने में मदद नहीं करती बल्कि त्वचा को धूप की तेज अल्ट्रावॉयलेट किरणों से सुरक्षा प्रदान करती है। त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. जमुना पई के मुताबिक धूप से बचने के लिए हर चार घंटे में सनस्क्रीन का प्रयोग करना जरूरी है। शोध से यह पता चलता है कि यूवीए किरणें त्वचा के सांवलेपन का कारण होती हैं। साथ ही ब्राउन स्पॉट और झुर्रियां भी इन्हीं के कारण होती है। इसलिए चाहे घर पर रहे या बाहर निकलें, लेकिन सनस्क्रीन जरूर लगाएं। लेकिन सनस्क्रीन के नाम पर कोई भी प्रोडक्ट न खरीद लें। उसका लेबल जरूर पढ़ लें। उसमें दिया गया एसपीएफ यूवीवी किरणें, जो त्वचा के झुलसने और स्किन कैंसर होने से बचाता है। एसपीएफ 15 से 30 भारतीय स्किन टाइप के लिए मुफीद होते है। उसमें मौजूद सामग्री पर भी ध्यान दें जो वास्तव में आपको यूवीए किरणों से सुरक्षा प्रदान करने में मदद करें। मसलन हेलियोप्लेक्स और मेक्जोरिल युक्त हो। **इसे आजमाएं : लैक्मे सन एक्सपर्ट, न्यूट्रोजेना अल्ट्रा शियर ड्राई-टच सनब्लॉक 3. हर दूसरे दिन शैंपू :** क्या कभी आपने अपना पुराना एल्बम पलटते हुए इस बात पर ध्यान दिया है कि आपकी दादी और नानी के बाल आपकी उम्र में कैसे और कितने स्वस्थ थे। आपके बाल अगर उतने स्वस्थ और अच्छे नहीं तो इसका सीधा कारण है प्रदूषण, जंक फूड और स्ट्रेस। इंटरनेशनल हेयर एक्सपर्ट जमाल हाम्मदी के मुताबिक भारतीय युवतियों की सबसे आम समस्या है बालों का रूखापन, क्योंकि हर दूसरी स्त्री कामकाजी है और चारों तरफ प्रदूषण का सामना, धूप का प्रकोप, काम का बोझ और स्ट्रेस का सामना करती है। साथ ही स्ट्रेस के कारण जंक फूड की तरफ रुझान बढ़ने लगता है। इन सबका सीधा असर बालों की सेहत पर पड़ता है। फैशन अपनाने के कारण स्ट्रेटनिंग, ब्लो-ड्राइंग, कलरिंग और केमिकल ट्रीटमेंट से गुजरती हैं, जिस कारण बालों से कुदरती मॉयस्चर निकल जाता है। ऐसे में बालों की खास देखभाल बहुत जरूरी है। इससे भी जरूरी है अपने बालों की किस्म के मुताबिक हफ्ते में तीन बार शैंपू करना। सबसे बड़ी बात यह कि स्त्री चाहे किसी भी उम्र की हो, मेकअप किया हो या नहीं, लेकिन जिस दिन शैंपू करती है उस दिन वह बेहद सुंदर दिखती है। इसलिए शैंपू करने में कोताही न बरतें। इसे आजमाएं: सनसिल्क ब्लैकशाइन विद आंवला पर्ल कॉम्प्लेक्स, डव इंटेंस डैमेज थेरेपी शैंपू एंड कंडिशनर **4. भरपूर नींद** : रातभर तारे ही गिनती न रह जाएं। रोजाना समय पर सोने के लिए ठान लें और नियम बनाएं कि आप एक निश्चित समय पर सोएंगी। टिश्यू और सेल्स को रेजुवेनेट करने के लिए नींद बहुत जरूरी है। त्वचा को रेजुवेनेट करने के लिए रात में एक अच्छी नाइट क्रीम लगाएं। रेटिनॉल बेस्ड क्रीम चुनें जो पिग्मेंटेशन, पोर्स और बारीक लकीरों को कम करने में मदद करते हैं। साथ ही कोलेजन को बढ़ाते हैं। **इसे आजमाएं** : न्यूट्रोजेना हेल्दी स्किन एंटी-रिंकल नाइट क्रीम, गार्नियर नाइट क्रीम **5. त्वचा को दमकने दें** : डॉक्टर जमुना पई के मुताबिक एक्सफोलिएशन सबसे जरूरी है। प्रदूषण भरे वातावरण में डेड सेल्स की समस्या आम होती है। एक्सफोलिएट इस्तेमाल करने से त्वचा के मृत कोश भी निकल जाते हैं और त्वचा रेशम सी कोमल और चमकदार हो जाती है। डेड सेल्स को हटाने के लिए माइक्रोडर्माब्रेजन और ग्लाइकॉलिक पील्स ट्रीटमेंट करा सकती हैं। **इसे आजमाएं : न्यूट्रोजेना डीप क्लीन स्क्रब, वेजटेबल पील-ऑफ मास्क 6. सही शेप में हों आइब्रोज** :पार्लर में जब आप जाती हैं तो वहां हमेशा जूनियर ब्यूटीशियन ही आइब्रोज बनाने के लिए क्यों तैयार रहती है? आइब्रोज बहुत महत्वपूर्ण फीचर है। वह जैसी शेप बना देंगे आप वैसी ही दिखने लगेंगी। इनके साथ एक्सपेरिमेंट न करें। सीनियर ब्यूटीशियन से ही बनवाएं। आइब्रोज की शेप से पता चलता है कि आप गुस्सैल हैं, हंसमुख, खुशमिजाज, चतुर या सौम्य हैं।



# सारा अली खान और विकी कौशल ने आईफा 2023 के रेड कार्पेट पर रेड एंड ब्लैक आउटफिट्स में शिरकत की

मुम्बई। सारा अली खान और विकी कौशल ने आईफा के रेड कार्पेट पर ठाठ आउटफिट्स में शिरकत की। विक्की कौशल और सारा अली खान शानदार ट्रेंडी आउटफिट पहने घ्ईं अवाड्र्स इवेंट में शामिल हुए। हाल ही में सह-कलाकारों ने रेड कार्पेट पर ऐसे परिधानों में वॉक किया जो स्टाइलिश और नुकीले दोनों थे। सारा अली खान ने अपनी क्रिमसन साड़ी को रफ़ल्स और एक प्लंजिंग नेकलाइन ब्लाउज़ के साथ एक्सेसराइज़ किया। अभिनेता ने अपने पहनावे में एक पन्ना और हीरे का हार जोड़ा। उन्होंने अपने बालों के साथ एक मध्य-भाग वाला जूड़ा बनाना चुना और यह पोशाक के लिए बिल्कुल सही लग रहा था। दूसरी ओर, विक्की कौशल ने एक सुरुचिपूर्ण काले रंग का सूट पहना और चीजों को उत्तम दर्जे का रखा। अभिनेताओं ने तस्वीरों की एक श्रृंखला साझा करने के लिए इंस्टाग्राम का सहारा लिया जहां उन्होंने कार्यक्रम में एक साथ तस्वीरें खिंचवाईं। लक्ष्मण उतेकर की फिल्म 'जरा हटके जरा बचके' में विक्की कौशल और सारा अली खान साथ नजर आएंगे।



# 'जय केदारनाथ महाकाल' सिंगर चेतन कृष्णा मल्होत्रा का 12वां हिट भजन

मुम्बई। कन्हैया संग होली और मैया टाइम कद जैसे हिट भजन के बाद, गायक और संगीतकार चेतन कृष्ण मल्होत्रा एक और स्मैश हिट सिंगल, जय केदारनाथ महाकाल के साथ वापस आ गए हैं, इस भक्ति भरे भजन को 1.2 मिलियन हिट भी मिल चुके हैं। शिव भक्ति से भरपूर भजन को चेतन कृष्ण मल्होत्रा ने गाया है, और इस भजन को केदारनाथ में वास्तविक भक्तों के बीच और सुंदर और रहस्यमयी बर्फ से ढके पवित्र स्थान पर ही शूट किया गया है।

यह गीत आर्टबाज़ स्टूडियो द्वारा निर्मित है, जिसे शिव सफर और चेतन कृष्ण मल्होत्रा द्वारा लिखा गया है, जिसमें राजेंद्र सालुंके और वैभव राघवानी का संगीत है। दिल्ली से केदारनाथ तक की अपनी यात्रा और गाने की शूटिंग के बारे में बात करते हुए, चेतन कृष्ण मल्होत्रा ने कहा, 'पहले हम हरिद्वार पहुंचे, वहां हमने गंगा स्नान किया और वहां से हम सीतापुर गए, लेकिन भारी बर्फ गिरने के कारण हमें वहीं रहना पड़ा, कुछ दिनों के लिए, और फिर हम एक हेलीकाप्टर से केदारनाथ पहुंचे। हमने सत्य युग के दौरान, भगवान शिव और मां पार्वती के विवाह स्थल, हिमवत की राजधानी त्रियुगीनारायण का दौरा किया, मंदिर के सामने पवित्र अग्नि-कुंड हैं, जहाँ सदैव अग्नि प्रजवलित रहती है, जिसके चारो और स्तम्भ भी नही हैं, यह जगह अपने आप में एक अनुभव था, भगवान शिव की उपस्थिति में होना, आपको पूरी तरह से ऊर्जा से भर देता हैं' चेतन कृष्ण मल्होत्रा ने सेना और जमीनी कर्मियों की प्रशंसा करते हुए बोला, 'मैंने गाने को शूट करने की अनुमति ली, जो मुझे हाथो-हाथ मिल गई, यही नहीं बल्कि सुरक्षाकर्मी इतने दयालु थे कि हमें मंदिर क्षेत्र के बाहर शूटिंग करने की अनुमति दी। आर्मी के जवानो ने जरूरतमंद लोगों के लिए भोजन, पानी और आश्रय आदि की शानदार व्यवस्था भी कर रखी है। केदारनाथ में ऑक्सीजन का स्तर थोड़ा कम है, यहां तक कि जरूरतमंद लोगों के लिए उनके पास पूरी चिकित्सा सुविधा भी है। मैं भारतीय सेना और उत्तराखंड की राज्य सरकार से बहुत प्रभावित हुआ, और उनका आभारी हूं।' चेतन मल्होत्रा ने उद्योग के लिए अपना नाम बदलकर अंक ज्योतिष के आधार पर चेतन कृष्णा मल्होत्रा कर लिया। आश्चर्यजनक रूप से, उनके नवीनतम गीत को श्रोताओं के बीच लोकप्रियता हासिल करते हुए जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। नाम परिवर्तन का उनके संगीत करियर पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा।इससे पहले गायक ने साइ तेरा ही नाम, हनुमान चालीसा, हनुमान मिलेंगे, श्याम नज़रो माई ही, साईं तेरे दर पे, ओ वृंदावन बिहारी, गणपति बप्पा मोरया, जय माता दी और जय सिया राम जैसे हिट भजन रिलीज़ किए थे।

## कुदरत के कॉस्मेटिक्स

प्रकृति ने हमें ऐसी बहुत सी चीजें दी हैं जिन्हें अपनी दिनचर्या में शामिल करके आप निश्चय ही साफ-सुथरी व चमकदार त्वचा पा सकती हैं। **संतरा** : विटमिन सी से भरपूर होने के कारण यह हमारी त्वचा को अल्ट्रावॉयलेट किरणों से होने वाली हानि से बचाता है। हर रोज एक संतरे का नियमित रूप से सेवन करें। **पपीता**: विटमिन ए से भरपूर कैरोटीनयुक्त एक लो कैलरी वाला फल है। इसका प्रयोग एंटीऑक्सीडेंट का काम करता है और यह त्वचा को जवा बनाकर चमक प्रदान करता है। **साबुत अनाज**: विटमिन बी से भरपूर होने के कारण त्वचा के डेड सेल हटाकर इसे ताजगी देते हैं, त्वचा को इन्फेक्शन से बचाते हैं। गेहूं के आटे से बनी ब्रेड, आटे के बिस्किट व पास्ता आदि अपने भोजन में शामिल करें। **दालें**: दालें प्रोटीन से भरपूर होती हैं। प्रतिदिन एक कटोरी दाल का सेवन अवश्य करें। दालों का प्रोटीन बायोटिन से भरपूर होता है। इसके सेवन से त्वचा को ताजगी मिलती है। **ग्रीन टी**: एंटीऑक्सीडेंट से युक्त होती है, जो हमारी त्वचा को पराबैंगनी किरणों से सुरक्षा देने के साथ ही झुर्रिया आने से रोकती है। साथ ही त्वचा से दाग धब्बे हटाकर उसे साफ सुथरा बनाती है। इसका सेवन दिन में दो बार करें। इच्छानुसार इसके साथ थोडे़ से शहद का प्रयोग भी किया जा सकता है। **सनफ्लॉवर सीड** : इसमें आवश्यक फैटी एसिड होते हैं, जो हमारी त्वचा को प्राकृतिक चमक प्रदान करते हैं। साथ ही इसके प्रयोग से त्वचा साफ-सुथरी और कोमल होती है। ब्लैकहेड से भी छुटकारा मिलता है। इन बीजों का प्रयोग पेस्ट बनाकर चाय के साथ लें या पाउडर करके एक छोटा चम्मच हर रोज पानी के साथ लें।

## आज का राशिफल..........

**मेष राशिः** आज आप अपने स्वास्थ्य के चलते परेशान रह सकते हैं। काम की अधिकता के कारण आपका स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। वाहन चलाने में सावधानी बरतें, नहीं तो दुर्घटना हो सकती है।

**वृषभ राशिः** आज का दिन आपका व्यर्थ की भागदौड़ परेशानी से भरा रहेगा। आप व्यापार-व्यवसाय में अपने साथियों से संबंध अच्छे रखें, नहीं तो व्यापारिक क्षेत्र में आपको नुकसान उठाना पड़ सकता है।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपका मिलाजुला रहने वाला है। व्यापार में आर्थिक स्थिति में कुछ इजाफा होगा और व्यापार के नए अवसर प्राप्त होंगे।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा उर परिवार में कुछ दिनों से चली आ रही परेशानियों से आप राहत प्राप्त करेंगे।

**सिंह राशिः**आज का दिन आपका भागदौड़ वाला रहेगा। किसी काम को लेकर आपको बाहर की यात्रा करना पड़ सकता है। किसी विशेष व्यक्ति से मुलाकात होगी।

**कन्या राशिः**आज का दिन आप सतर्कता बरतें अपने विरोधियों से आप धोखे का शिकार हो सकते हैं। किसी बड़े विवाद में आज आप फंस सकते हैं। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके लिए कोई नई जिम्मेदारी लेकर आएगा। परिवार समाज में आपको नई पद-प्रतिष्ठा प्राप्त हो सकती है। परिवार में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है।

**वृश्चिक राशिः**आज का दिन आपका अच्छा रहेगा। आप कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। कोई बहुत बड़ी डील आपके हाथ लग सकती है। नौकरी वर्ग वालों को पदोन्नति मिल सकती है।

**धनु राशिः** आज का दिन उतार-चढ़ाव से भरा रहेगा परिवार में किसी का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। माता-पिता को लेकर आप चिंतित रह सकते हैं।

**मकर राशिः** आज के दिन थोड़ा संभल कर चलें, वाहन आदि से चोट लग सकती है। आप किसी बड़े विवाद में फंस सकते हैं। वाणी पर संयम रखें और वाद-विवाद से दूर रहें।

**कुंभ राशिः**आज का दिन आपका अच्छा जाने वाला है। सोचे हुए कार्य पूर्ण होंगे। पुराना कोई विवाद समाप्त होगा और परिवार में मांगलिक कार्यक्रम होंगे। घर में कोई नया मेहमान आ सकता है।

**मीन राशिः** आज का दिन आपका बहुत अच्छा रहेगा। आप किसी धार्मिक कार्यक्रम में जा सकते हैं। आज आपका मन आध्यात्मिक ऊर्जा से भरा रहेगा। जिस कार्य का आप सोच रहे हैं वह कार्य आज किसी विशेष व्यक्ति के माध्यम से पूर्ण होगा।




विज्ञापन प्रतिनिधि
श्री सुजीत कुमार
मो. 7007632314

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।